卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारूत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 268 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बुधवार ♦5 जुलाई 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## कार खाई में गिरने से मां और बेटे की मौत, बड़ा भाई गंभीर

### सेना में तैनात दोनों भाई मां का ईलाज कराकर लौट रहे थे घर

उत्तरकाशी (उद ब्यूरो)। उत्तरकाशी के बड़ेथी क्षेत्र कार गहरी खाई में गिरने से फौजी और उसकी मां की मौत हो गयी। जबकि फौजी का बड़ा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए चिकित्सालय भर्ती कराया गया है। रेस्क्यू टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद हादसे के शिकार तीनों लोगों को बाहर निकाला। जानकारी के अनुसार बुधवार को जनपद उत्तरकाशी में स्थानीय लोगों द्वारा एसडीआरएफ को सूचना दी गयी कि बड़ेथी में एक कार लगभग 800 मीटर गहरी खाई में गिर गयी है,।घटना से वहां पर हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलने के बाद चिन्यालीसौड़ से एसडीआरएफ की टीम मुख्य आरक्षी मनोज चौहान के साथ तत्काल घटनास्थल पर पहुंची जहां टीम ने त्वरित कार्यवाही करते हुऐ रोप के माध्यम से खाई उतरकर दुर्घटनाग्रस्त वाहन तक पहुँच बनाकर रेस्क्यू अभियान (शेष पृष्ठ सात पर)



## रिसोर्ट में पर्यटक की संदिग्ध मौत

रामनगर( उद संवाददाता)।मंगलवार की देर रात एक रिसोर्ट में दिल्ली से आए पर्यटकों के एक ग्रुप में शामिल एक पर्यटक की डीजे पर डांस करने के दौरान संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी। पर्यटक की मौत के बाद रिसोर्ट में हड़कंप मच गया। जानकारी मिलने पर रामनगर के सरकारी अस्पताल पहुंची पुलिस ने पर्यटक के शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना के संबंध में जानकारी देते हुए कोतवाली के एसएसआई अनीस अहमद ने बताया कि सीताबनी क्षेत्र में स्थित रेंजर्स रिजर्व रिजॉर्ट में दिल्ली से करीब 90 लोगों के पर्यटकों (शेष पृष्ठ सात पर)



## बैंक प्रबंधक का पर्स लूटकर भाग रहे बदमाशों ने दरोगा को मारी टक्कर

रूद्रपुर (उद संवाददाता)स्कूटी पर सवार होकर घर वापस लौट रही महिला बैंक प्रबंधक का पर्स छीनकर भाग रहे बाईक सवार बदमाशों को पकड़ने की कोशिश कर रहे पुलिस कर्मियों को बदमाशों ने बाईक से जोरदार टक्कर मार दी। जिससे एक दरोगा के दोनों पैर फैक्चर हो गये।घायल दरोगा को निजी अस्पताल भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार मेट्रोपोलिस सिटी निवासी निकिता बरार पत्नी रोहित शर्मा बैंक ऑफ बड़ौदा की शाखा आवास विकास, रूद्रपुर में प्रबन्धक के पद पर कार्यरत है। विगत रात्रि 8:30 बजे चवह बैंक से काम निपटाकर वापस लौट रही थी। जब वह मेट्रोपोलिस गेट एक के पास पहुंची तो बिना नम्बर प्लेट की मोटर साईकिल पर सवार दो लोगों ने उसका पर्स छीन लिया और वहां से भाग गये। पर्स में बैंक के लोन और गोल्ड अलमारी की चाबी,बैंक का मोबाईल फोन, आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेन्स, बैंक द्वारा जारी पहचान पत्र, लगभग पांच हजार रूपये नगद, आई फोन, चार एटीएम कार्ड आदि मौजूद थे। मामले की जानकारी मिलने पर पंतनगर थाने के दरोगा मोहन भट्ट टीम के साथ बदमाशों की घेराबंदी में जुट गये। बताया गया है इसी दौरान बदमाशों ने दरोगा मोहन भट्ट को बाईक से टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गये। बाईक की टक्कर से दरोगा मोहन भट्ट गंभीर घायल हो गये उन्हें उपचार के लिए निजी (शेष पृष्ठ सात पर)

## पुलिस चौकी के बगल में युवा कारोबारी का शव बरामद

### पिछले 48 घंटों से था लापता मृतक, हत्या की आशंका

काशीपुर( उद संवाददाता)। पिछले लगभग 48 घंटों के करीब से घर से बेहद संदिग्ध परिस्थितियों में लापता एक कारोबारी का शव आज प्रतापपुर पुलिस चौकी के ठीक पीछे पानी से भरे गड्ढे में पड़ा पाया गया। सुबह स्थानीय लोगों की निगाह जैसे ही लाश पर पड़ी इलाके में सनसनी मच गई और देखते ही देखते मौके पर सैकड़ों की तादाद में लोग जमा हो गए। पुलिस को मामले की भनक लगने पर उसने तत्काल मौके पर पहुंचकर मृतक के शव को कब्जे में लेकर उसे पीएम हाउस भेज दिया जहां से अंत्य परीक्षण के बाद शव परिजनों के हवाले कर दिया गया। इस मामले में मृतक परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। जानकारी के मुताबिक प्रतापपुर धनोरी निवासी प्रदीप सिंह 35 वर्ष पुत्र भगत सिंह की प्रतापपुर बाजार में प्रथम थापा ऑटो पार्ट्स के नाम से प्रतिष्ठान है। बताते हैं कि बीते 3 जून को शाम लगभग 8:00 बजे जियारत कॉलोनी प्रतापपुर निवासी अमरजीत नामक व्यक्ति प्रदीप को अपने साथ बाइक पर बिठा कर ले गया लेकिन इसके बाद प्रदीप वापस घर नहीं लौटा। इस दौरान परिजनों ने तमाम संभावित स्थानों पर उसकी तलाश किया लेकिन प्रदीप का कहीं कोई पता नहीं चल सका इसी बीच आज सुबह प्रतापपुर पुलिस चौकी के ठीक पीछे नवनिर्मित कॉलोनी के एक पानी से भरे गड्ढे में प्रदीप का शव पड़ा पाया गया। मृतक के आंख मुंह गर्दन पर चोट के निशान पाए गए। गली आदि पर रस्सी के निशान( शेष पृष्ठ सात पर)



### जरायम का गढ़ बन रहा प्रतापपुर क्षेत्र

काशीपुर। प्रतापपुर पुलिस चौकी क्षेत्र में पिछले कुछ समय से अपराधिक वारदातों का सिलसिला तेज हो गया है तो वही उक्त क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में नशे के अवैध कारोबार में भी इजाफा देखा जा रहा है। चौकी क्षेत्र में अवैध कच्ची शराब दर्जनों स्थानों पर बनाए व बेचे जाने की सूचना है। इसी तरह सट्टेबाजी एवं खनन का गैर कानूनी खेल भी उक्त चौकी क्षेत्र में अबाध गति से जारी है।

## विद्युत कटौती के खिलाफ पावर हाउस में किया प्रदर्शन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। भूरारानी क्षेत्र में पिछले कई दिनों से हो रही अघोाषित विद्युत कटौता से रोषित लोगों ने आज पार्षद मोहन खेड़ा के नेतृत्व में नवोदय पावर हाउस में जोरदार प्रदर्शन कर मौजूद अधिकारी का घेराव किया। पार्षद खेड़ा ने कहा कि घंटों अघोषित विद्युत कटौती के कारण लोगों को उतमाम परेशानियों से गुजरना पड़ रहा है। बीमार लोग, नवजात बच्चे व घरेलू महिलाएं अत्यंत परेशान हैं। उन्होंने कहा कि यदि विद्युत कटौती तत्काल समाप्तइ नहीं की गई तो विभाग के खिलाफ आन्दोलन तेज करने को बाध्य होना पड़ेगा। इस दौरान राकेश सेमवाल, कारत सिंह, संजय सिह, सोनू (शेष पृष्ठ 7 पर)



## गौकशी मामले में फरार ईनामी बदमाश गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गौकशी मामले में पुलिस पार्टी पर गाड़ी चढ़ाकर कुचलने का प्रयास करने वाले कुख्यात गो-तस्कर को एसटीएफ टीम ने गिरफ्तार कर लिया। उस पर 25 हजार रूपये का ईनाम भी घोषित किया गया था। एसटीफ सीओ कार्यालय में सीओ सुमित पाण्डे ने बताया कि पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार द्वारा राज्य के इनामी अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे गिरफ्तारी अभियान के तहत एसएसपी एसटीएफ आयुष अग्रवाल द्वारा गैंगस्टर एवं इनामी अपराधियों के विरुद्ध कार्रवाई करने के निर्देश अपनी टीमों को दिए गए थे। इसी क्रम में प्रभारी निरीक्षक एमपी सिंह( शेष पृष्ठ सात पर)



## संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी पर झूला मजदूर

काशीपुर( उद संवाददाता)। प्रतापपुर पुलिस चौकी क्षेत्र के ग्राम फिरोजपुर में मेहनत मजदूरी करने वाले एक युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे परिजनों के सुपुर्द किया है। जानकारी के मुताबिक ग्राम राजेपुर पानूवाला, तहसील ठाकुरद्वारा जनपद मुरादाबाद निवासी सचिन 35 वर्ष पुत्र भूरे लगभग 5 वर्ष से यहां ग्राम फिरोजपुर में जमीन लेकर अपनी ससुराल में रहा करता था। उसके दो पुत्र और दो पुत्रियां हैं। कुछ दिन पूर्व उसे इंदिरा आवास में सरकारी कॉलोनी का आवंटन हुआ। सूत्रों का कहना है कि भवन बनाने के लिए सरकार की ओर से रकम की जो किस्त मिली उसे उसने पूर्व जनप्रतिनिधि को दे दी। इसके बाद 20 हजार रुपए और दे दिए लेकिन सरकारी आवास का निर्माण नहीं हो सका। उप ग्राम प्रधान रामकिशोर ने बताया कि 5 दिन पूर्व मृतक सचिन उससे मिला था और इस बात की शिकायत भी की थी। उप ग्राम (शेष पृष्ठ सात पर)



## गदरपुर में सभासदों ने घेरा पालिका कार्यालय, हंगामा

गदरपुर( उद संवाददाता)। नगर की विभिन्न समस्याओं को लेकर बोर्ड बैठक ना बुलाए जाने से आक्रोशित सभासदों ने पालिका कार्यालय में धरना देकर चेयरमैन व ईओ के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। बता दें 2 दिन पूर्व सभासदो ने बोर्ड बैठक बुलाए जाने को लेकर सभासदों ने एक ज्ञापन अधिशासी अधिकारी को सौंपा था लेकिन इसके बाद भी सभासदों की मांग पर सुनवाई नहीं (शेष पृष्ठ सात पर)



### आपातकालीन बैठक का कोई औचित्य नही: गुलाम गौस

गदरपुर। नगर पालिका अध्यक्ष गुलाम गौस का कहना है कि सभासदों द्वारा विभिन्न समस्याओं को लेकर आपातकालीन बैठक बुलाने की सूचना दी गई थी जिसका उनके द्वारा लिखित जवाब दे दिया गया था। श्री गौस ने कहा कि नगर की सफाई व्यवस्था,दवा छिड़काव सहित अधिकांश समस्याओं को लेकर पालिका द्वारा पूर्व में ही (शेष पृष्ठ सात पर)

## सरकार को चूना लगाकर लाखों की स्टाम्प चोरी

### अकृषि भूमि को गैर कानूनी दिखा दी कृषि भूमि: आलोक

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ग्राम शिमला पिस्तौर में स्थित अकृषि भूमि को गैर कानूनी ढंग से कृषि भूमि दर्शाकर एक व्यक्ति द्वारा कम मूल्य दिखाते हुए सरकार को लाखों रूपयों का राजस्व नुकसान पहुंचाने का मामला सामने आया है। पत्रकारों से बातचीत करते आवास विकास निवासी आलोक सिंह एवं उनके साथी बलविन्दर सिंह व राकेश ने बताया कि राजस्व ग्राम शिमला पिस्तौर में एक खेत की भूमि वर्ष 2007 में अकृषित घोषित हुई थी। इसका आदेश वर्ष 2007 से ही खतौनी में दर्ज है। भूमि में चाहरदीवारी, कार्यालय व लेबर के कमरे भी बने हुए हैं। आरोप है मात्र स्टाम्प चोरी के लिए थोड़ा गड्ढा खोदकर सिंचाई दिखाने के लिए पाईप डाला गया है। जबकि इंजन, पानी मोटर, बिजली कनेक्शन कुछ भी नहीं है। एक व्यक्ति द्वारा भूमि स्वामी से जनवरी 2020 में भूमि का रजिस्टर्ड एग्रीमेंट किया गया। भूमि की सरकारी कीमत करीब 10.80 करोड़ आने (शेष पृष्ठ सात पर)



# एसटीएफ ने दबोचा एक लाख का ईनामी बदमाश

## दो पुलिस कर्मियों को गोली मारकर हुआ था फरार

देहरादून (उद संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसटीएफ ने अपनी हिट लिस्ट में से 37 वें कुख्यात एक लाख रुपए के ईनामी बदमाश को बिहार झारखण्ड के नक्सली सीमावर्ती क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। इस आशय की जानकारी देते एसटीएफ के एसएसपी आयुष अग्रवाल ने बताया कि हरिद्वार चीता पुलिस के दो जवानो को गोली मार कर भागने वाले कुख्यात बदमाश फुरकान की गिरफ्तारी पर एक लाख रूपये का इनाम घोषित किया गया था। उन्होंने बताया कि थाना लक्सर हरिद्वार क्षेत्र में एक सुनार को लूटने के दौरान चीता पुलिस से हुयी मुठभेड़ में पकड़े गये इनामी अपराधी ने कई राउण्ड फायर किए जिसमें चीता पुलिस के दो जवान घायल हो गये थे। उन्होंने बताया फुरकान सहारनपुर से जिला बदर अपराधी व मुकीम काला गैंग का सक्रिय सदस्य रह चुका है। एसटीएफ की गिरफ्त में आने से बचने के लिये फुरकान ने अपने आप को मरा दिखाने का प्रयास किया था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसटीएफ आयुश अग्रवाल ने बताया कि एसटीएफ कुख्यातों की सूची बनाकर उनकी गिरप्तारी कर रही है। जिसके लिये एसटीएफ द्वारा प्रत्येक ईनामी और गैंगस्टर पर कार्ययोजना बनाकर कड़ी कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में अब तक 37 कुख्यात ईनामी अपराधी एसटीएफ द्वारा गिरपतार किये जा चुके हैं।श्री अग्रवाल ने पकड़े गये एक लाख के ईनामी अपराध ी के बारे में जानकारी देते हुये बताया कि 16 अक्तूबर 22 को जनपद हरिद्वार के क्षेत्र थाना लक्सर की चीता पुलिस के जवानो को सूचना प्राप्त हुई कि कुछ बदमाश लक्सर कस्बे के एक सुनार को लूट के ईरादे से आये हुये है और वे संदिग्ध व्यक्ति दुर्गा मन्दिर ओवर ब्रिज लक्सर के नीचे घूम रहे है।इस सूचना पर चीता पुलिस के दो जवान का. सुरेन्द्र षर्मा व पंचम को लक्सर वालावाली पुल के नीचे एक मोटर साईकिल में सवार तीन संदिग्ध व्यक्तियों को देखकर उन्हें रोककर पूछताछ करने लगे तो वो अचानक चीता पुलिस पर फायर करते हुये भागने लगे। इस मुठभेड़ के दौरान इनमें से एक बदमाश को का. सुरेन्द्र षर्मा ने दबोच लिया था। किन्तु उसके अन्य साथियों द्वारा फिर चीता पुलिस पर जान से मारने की नीयत से कई राउण्ड फायर कर दिये। इस दौरान कानि. पंचम के पैर में गोली लग गयी और वो पकड़ा गया व्यक्ति अपने साथियों के साथ भागने लगा, गोली चलाने वाले व्यक्ति का पंचम प्रकाश लडखडाते हुये पीछा कर रहा था। इसी बीच वहीं मौके पर पहंची थाना लक्सर की दूसरी चीता में तैनात कर्मचारी कानि. सतेन्द्र व राजेन्द्र ने अपनी मोटर साईकिल से कां. पंचम प्रकाश के साथ तीनों बदमाशो का पीछा करना शूरू



किया तो तीनों बदमाषों द्वारा उक्त चीता कर्मियों पर भी जान से मारने की नीयत से फायर कर दिये जिसमें से एक गोली एक अन्य कानि. राजेन्द्र सिंह के पैर पर लग गयी तथा वह बदमाश पप्पू नर्सिंग होम के पास एक पीले रंग की मोटर साईकिल पर सवार दो अन्य बदमाशो के साथ फायर करते हुये भाग गये। इस घटना में पष्चिमी उत्तर प्रदेष के 5 बदमाश साबिर, अताउल खान, नौशाद,जावेद व फुरकान के नाम प्रकाश में आये। उन्होंने बताया जिनमें से मोटर साईकिल व असलाह उपलब्ध कराने वाले दो अन्य व्यक्तियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। साथ ही हरिद्वार पुलिस द्वारा घटना में सम्मलित अपराधी नौषाद, अताउलखान व साबिर को गिरफ्तार किया जा चुका था। मुख्य अपराधी फुरकान एवं जावेद घटना के बाद से फरार चल रहे थे। इसमें फुरकान पुत्र शौकत अली निवासी लंडौरा गुर्जर, थाना रामपुर मनिहारान जिला सहारनपुर बहुत ही शातिर बदमाश है इसके विरूद्ध कई राज्यों में संगीन आपराधिक मामले दर्ज हैं। इसी के द्वारा पुलिस चीता कर्मियों पर फायर किया गया था तथा लगातार फरार कर रहा था। जिसके गिरफ्तारी हेतु पुलिस मुख्यालय द्वारा एक लाख रूपये का ईनाम घोशित किया गया था। यू होने बताया एसटीएफ द्वारा इस अपराधी को पकड़ने के लिये एक सुगठित रणनीति बनाते हुये अपर पुलिस अधीक्षक एवं क्षेत्राधिकारी एसटीएफ के पर्यवेक्षण में टीम गठित की गयी जिनके द्वारा इस अपराधी के सम्बन्ध में सूचनाओं को संकलित करना षुरू किया तथा टीम विगत 3 माह से उक्त अपराधियों की गिरफ्तारी के लिये प्रयासरत थी व हरियाणा, पश्चिम उत्तर प्रदेष, दिल्ली, राजस्थान आदि पर दबिश दी जा रही थी। कुछ दिन पूर्व टीम को सूचना प्राप्त हुई कि फुरकान बिहार में किसी जगह पर रह रहा है। टीम विगत 10 दिन पूर्व बिहार के भागलपुर जनपद में सूचना एकत्रित करने पहुँची जिस पर टीम द्वारा उसके सम्भावित ठिकानो की जानकारी की गई व गोपनीय तरीके से बिहार व झारखण्ड के बार्डर के पीरपैंती कस्बे में ठिकानो की निगरानी की गई। लगातार 8 दिनो तक निगरानी करने एवं पुलिस द्वारा भेष बदलकर इन घरो पर नजर रखी जा रही थी। परिणाम स्वरूप एक घर चिन्हित हुआ जिसमें अपराधी फुरकान का रहना पता चला। उन्होंने बताया स्थानीय पुलिस की सहायता से उक्त घर को रात के समय घेर कर दबिश दी गई तो अभियुक्त फुरकान घर की छत पर सो रहा था जैसे ही पुलिस का आभास हुआ भागने लगा लेकिन पुलिस टीम ने पीछा कर पकड लिया एंव 2 जुलाई को न्यायिक मजिस्ट्रेट भागलपुर के समक्ष पेश कर 6 दिवस ट्रान्जिट रिमान्ड लिया गया। श्री अग्रवाल ने बताया कि फुरकान को पकड़ने के लिये एसटीएफ द्वारा विगत माह में कुछ समय के लिये हरिद्वार सहारनपुर में डेरा डाला गया। जैसे ही इस फुरकान को अपने गिरप्तारी के लिये एसटीएफ के आने की सूचना मिली तो इस फुरकान ने गिरफ्तारी से बचने के लिये अपने आप को गंगनहर कलियर के पास अपने कपडे व मोबाईल रखकर अपने रिष्तेदारों को अपने डूबकर आत्महत्या करने की बात कहने की सूचना दी। जिससे पुलिस उसे मरा हुआ समझकर उसका पीछा करना छोड दे। इस पर फुरकान की पत्नी ने रामपुर मनिहारन में जाकर अपने पति फुरकान की आत्महत्या की सूचना भी दी थीं।फुरकान पुत्र षौकत निवासी लण्ढौरा गुर्जर, थाना रामपुर मनिहारन जनपद सहारनपुर। उन्होंने बताया कि फुरकान पश्चिम उत्तर प्रदेष के कुख्यात गैंग मुकीम काला का सक्रिय सदस्य रहा है तथा सहारनपुर से जिला बदर घोषित है। पूर्व में कई बार पुलिस पर जानलेवा हमला कर चुका है। मुकीम काला की मृत्यू के बाद अपना गैंग बनाकर लूट डकैती की आपराधिक घटनाओं को अन्जाम दे रहा था।पुलिस टीम में निरीक्षक अबूल कलाम, उनि याजवेन्द्र बाजवा, उनि दिलबर नेगी,उनि विघादत्त जोशी, अउनि प्रदीप चौहान, हेका बृजेन्द्र चौहान, सजॅय कुमार, महेन्द्र सिंह नेगी, का. मोहन असवाल शामिल थे।

# होमगार्ड से मारपीट के मामले में तीन गिरफ्तार

गदरपुर(उद संवाददाता)। ड्यूटी पर तैनात होमगार्ड के जवान के साथ मारपीट करने के मामले में पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर लिया। गौरतलब है कि तहसील में तैनात होमगार्ड के जवान राजेश कुमार के साथ 2 दिन पूर्व कुछ युवकों ने मारपीट की थी। राजेश कुमार का आरोप था कि आरोपी युवक तहसील परिसर में शराब पी रहे थे जिन्हें रोकने पर उन्होंने अभद्रता करते हुए मारपीट की साथ ही उसकी वर्दी भी फाड़ दी। होमगार्ड की शिकायत पर पुलिस ने चार आरोपियों में से तीन अभियुक्त गण



जंग बहादुर,विजय बहादुर निवासी चकर पुर गदरपुर व गौतम निवासी चकरपुर थाना गदरपुर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी चार युवकों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज करने के उपरांत उन्हें न्यायालय में पेश किया।

# हरेला पर्व पर गुलरभोज में होगा वृहद पौधारोपण

गूलरभोज(उद संवाददाता)। पर्यटन केंद्र गूलरभोज को ग्रीन सिटी बनाने के उद्देश्य से हरेला पर्व के अंतर्गत क्षेत्र में वृहद स्तर पर पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित जाएगा। गूलरभोज नगर पंचायत की बैठक में मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री वर्तमान विधायक अनिल पांडे ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए क्षेत्र को हरा भरा और सुंदर बनाने पर्यावरण संरक्षण के कार्य एवं प्रयासों से संबंधित विषयों पर चर्चा की। पौधारोपण करने और रोपित पौधों के प्रति सामाजिक जिम्मेदारी सहित देखभाल करने हेतु विचार व्यक्त किए गए। लगभग 10,000 पौधे नगर क्षेत्र के



अंतर्गत लगाने के लक्ष्य को वृहद स्तर पर चरणबद्ध रूप से पूरा किया जाएगा। क्षेत्र वासियों के सुझाव भी प्राप्त हुए। इस अवसर पर नगर पंचायत चेयरपर्सन अनीता दुबे, तरुण दुबे ,राकेश बंटी, डॉ कुलदीप रघुवंशी, नंदन सिंह कोश्यारी, गोविंद लटवाल, विनोद दीक्षित, भूपेंद्र आर्य, पूनम आर्य, उषा राजभर, रमेश सागर, संजीव भटेजा, गोविंद राजभर, राजीव गुप्ता आदि लोग उपस्थित थे।

# महाजन बने एकम सनातन भारत पार्टी के प्रदेश सह संयोजक

गदरपुर(उद संवाददाता)। नवगठित हिंदू पार्टी एवं एकम सनातउद संवाददातान भारत दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट अंकुर शर्मा के अनुशंसा पर संगठन महासचिव संदीप देव जी द्वारा वरिष्ठ हिंदूवादी नेता व गत 30 वर्षों से विश्व हिंदू परिषद व संघ का दायित्व संभालने वाले डॉक्टर महाजन को उत्तराखंड प्रांत का प्रदेश संयोजक नियुक्त किया गया। इस मनोनयन पर हिंदूवादी कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई भारी संख्या में हिंदूवादी कार्यकर्ता डॉक्टर महाजन नर्सिंग होम पहुंचे जहां कार्यकर्ताओं ने डॉक्टर आरके महाजन को नवीन दायित्व मिलने पर बधाई दी तथा



माल्यार्पण कर जोर दार स्वागत किया इस दौरान कार्यकर्ताओं ने मिष्ठान वितरण किया। इस अवसर परअमित ढींगरा,अमरीक सिंह,हरचरण सिंह चन्ना मुकेश फोगाट ,गोपाल कश्यप,राजकुमार अरोड़ा,चिंटू कश्यप, तेज रतन कश्यप, सचिन प्रजापति, अजय रावत, करमचंद शर्मा,सोनू सिंह सैनी, कुंवर सिंह सहित भारी मात्रा में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# प्रीत विहार में खुला एक और सर्व शिक्षा केन्द्र

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। भाईचारा एकता मंच का गरीबों को निशुल्क शिक्षा देने का अभियान निरंतर जारी है। आवास विकास के बाद प्रीत विहार में संगठन का दूसरा सर्व शिक्षा केंद्र खुल गया है। जिसका शुभारंभ संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष केपी गंगवार व पार्षद सुशील कुमार यादव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। आपको बता दें कि भाईचारा एकता मंच ने इस वर्ष गरीब बच्चों को निशुल्क शिक्षा प्रदान करने के लिए शहर व आसपास के क्षेत्रों में सर्व शिक्षा केंद्र खोलने का निर्णय लिया है पहला केंद्र 1 जुलाई को आवास विकास में शुरू हो गया था। उसी अभियान के तहत आज दूसरा सर्व शिक्षा केंद्र प्रीत विहार कॉलोनी में शुरू कर दिया गया है ।केंद्र का शुभारंभ वार्ड के पार्षद सुशील कुमार यादव व संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष के पी गंगवार ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर भाईचारा एकता मंच के प्रदेश महामंत्री मुमताज अहमद, रेनू जुनेजा, केंद्र की संचालिका व भाईचारा एकता मंच की संयोजिका ममता श्रीवास्तव ,शीला चौधरी, जिला अध्यक्ष कपिल सिन्हा ,राजकुमारी, प्रेमलता, मीना शर्मा ,रजनी शर्मा, रुक्मण, शकुंतला, प्रमिला, ममता, संतोष ,सुमन आदि लोग मौजूद थे।



# दो किलो चरस के साथ बी एसएससी का छात्र गिरफ्तार

## कांवड़ मेले में बेचने के लिए ले जा रहा था चरस, चमोली से लेकर आया था चरस की खेप

देहरादून(उद संवाददाता)। कांवड़ मेले में बड़ी मात्रा में चरस ले जा रहे बीएससी के एक छात्र को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उसके पास से दो किलोग्राम चरस बरामद हुई है। इस चरस को उसे अपने दोस्त को देना था, जिसे बाद में मेले में बेचा जाना था। आरोपी चमोली से चरस खरीदकर लाया था। आरोपी के पास से एक कार भी बरामद की गई है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। एसएसपी दलीप सिंह कुंवर ने बताया कि रायपुर पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ तस्कर कांवड़ मेले में चरस सप्लाई करने जाने वाले हैं। ये तस्कर आपस में व्हाट्सएप के माध्यम से बात करते हैं। ऐसे में उनकी कॉल डिटेल का पता लगाना मुश्किल था। तस्करों की तलाश के लिए मुखिबरों को सक्रिय किया गया। सीओ रायपुर कुंदन राम को सूचना मिली कि एक कार सवार रिंग रोड की ओर से जाने वाला है। पुलिस ने चेकिंग शुरू की और इस कार को रोका गया। कार सवार युवक ने अपना नाम बलदेव सिंह पवार निवासी भेंटा, उर्गम तहसील, जोशीमठ, चमोली बताया। उसकी कार की तलाशी लेने पर दो किलोग्राम चरस बरामद की गई। एसएसपी के अनुसार उसने पूछताछ में बताया कि वह डीबीएस पीजी कॉलेज के बीएससी अंतिम वर्ष का छात्र है। उसके एक स्थानीय दोस्त ने उसे कांवड़ मेले में चरस बेचने की योजना बताई थी। इसके लिए उसने थोड़ी-थोड़ी मात्रा में चमोली से चरस खरीदी और जब यह लगभग दो किलोग्राम हो गई तो इसे वह ऋषिकेश में अपने दोस्त को देने जा रहा था। उसे बताया गया था कि कांवड़ मेले में चरस की काफी मांग रहती है। इस चरस को खरीदने के लिए किन-किन लोगों ने संपर्क किया था इसकी जानकारी उसके दोस्त को है। एसएसपी ने बताया कि उसके दोस्त की भी तलाश की जा रही है। आरोपी ने बताया कि पिछले दिनों उसकी सगाई हुई। उसके पास शादी की शॉपिंग आदि के लिए भी पैसे नहीं थे। ऐसे में उसने अपने दोस्तों से चरस खरीदकर तस्करी की। कुछ दिन पहले तक वह कई बार देहरादून में कॉलेजों के छात्रों को चरस बेच चुका है। पुलिस के अनुसार उसके पिता चमोली में खेती करते हैं।

वाटर प्रूफिंग
हमारे यहां मकान की वाटर प्रूफिंग जैसे- छत का टपकना, सिलन आना, लिकीज होना, बेसमेन्ट, शौचालय, बाथरूम, किचन में सिलन आना व पानी टपकना एवं टिन शैड का कार्य सन्तोषजनक किया जाता है।
प्रो. शादाब खान
9012051994, 6399038125
आर्क होटल के पीछे, बत्रा कालोनी, बिलासपुर रोड, रुद्रपुर

Shri Shyam Properties
Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property
CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरूनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

# सिटी मजिस्ट्रेट ने सीएससी सेंटरों में की छापेमारी

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में संचालित हो रहे सीएससी सेंटरों में औचक छापेमारी व्यवस्थाओं को परखा। इस दौरान अधिकांश सीएससी सेंटरों में कई खामियां पाई गई। छापेमारी के दौरान सिटी मजिस्टेट को खान चंद मार्केट में स्थित ऐसा सीएससी सेंटर संचालित होते पाया गया, जिसकी आईडी भीमताल के लिए जारी की गई थी। वहीं दो सीएससी सेंटर ऐसे मिले जिसमे संचालक के स्थान कोई अन्य व्यक्ति केंद्र संचालित कर रहा था। सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह ने बताया कि शहर के सभी सीएससी सेंटरों की जांच के बाद रिपोर्ट तैयार कर जिलाधिकारी को भेजी जाएगी। उन्होंने बताया शहर में संचालित कई सीएससी सेंटरों से संबधित शिकायते पिछले लंबे से लगातार मिल रही थी। जिला धिकारी डीएम वंदना सिंह के निर्देश पर सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में 15 सीएससी सेंटरों में छापेमारी की। उन्होंने बनभूलपुरा, खान चंद मार्केट, रेलवे बाजार, रोडवेज स्टेशन, चोरगलिया रोड, टनकपुर रोड व आजाद नगर में स्थित करीब 15 सीएससी सेंटरों में छापेमारी करते हुए सेटरों की जांच की। 15 में से सिर्फ दो सेंटरों में ही रेट लिस्ट चस्पा पाई गई। वहीं दो सीएससी सेंटर ऐसे मिले जिसके लाईसेंस में किसी दूसरे व्यक्ति के नाम और संचालित कोई और कर रहा है।छापेमारी के दौरान अधिकांश सीएससी सेंटरों के संचालक यह तक नहीं बता पाए कि उन्हें किस स्थान पर सेंटर संचालित करने के लिए आईडी जारी की गई है। सीएससी सेंटरों में अचानक हुई छापेमारी से सेंटर संचालकों में हड़कंप मच गया। सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह ने बताया कि अनियमितताओं वाले सीएससी सेंटरों पर कार्रवाई के लिए ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर को पत्र लिखा जा रहा है। शहर के सभी सीएससी सेंटरों की जांच के बाद रिपोर्ट तैयार कर जिलाधिकारी को भेजी जाएगी। छापेमारी के दौरान सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह के साथ नायब तहसीलदार युगल किशोर पांडे भी मौजूद रहे।



# बोरे में अवैध शराब ले जाता पकड़ा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। कोतवाली पुलिस ने गश्त के दौरान फौजी मटकोटा मोड़ धर्मपुर रोड पर एक शराब तस्कर को बोर में अवैध शराब ले जाते गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार उप निरीक्षक मुकेश मिश्रा साथी पुलिस कर्मियों कांस्टेबल किशन सिंह, नरेश जोशी, दीप व होमगार्ड महिपाल के साथ गश्त कर रहे थे। इसी दौरान फौजी मटकोटा मोड़ धर्मपुर रोड पर एक व्यक्ति संदिग्ध रूप से जूट का बोरा ले जाते दिखाई दिया। पुलिस टीम को देख कर जब उसने भागने की कोशिश की तो संदेह होने पर पुलिस कर्मियों ने पीछा कर कुछ दूरी पर उसे पकड़ लिया।पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता तरुण पुत्र राम गोपाल निवासी फौजी मटकोटा बताया। तलाशी लेने पर बोरे में 70 पाऊच कच्ची शराब के बरामद हुए। पुलिस ने शराब कब्जे में लेकर तरुण के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया।



# सब्जी के साथ पिकप में शराब तस्करी करते दबोचा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। मंडी से सब्जी खरीदने के साथ 3 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब को सब्जी के नीचे रखकर छुपाकर तस्करी करने वाले वहां चालक को खनस्यु पुलिस टीम ने चौकिंग के दौरान गिरफतार कर लिया। जानकारी के अनुसार भुवन सिंह राणा थानाध्यक्ष खनस्यू द्वारा थाना स्तर पर गठित पुलिस टीम द्वारा सिमलिया बैंड खनस्यू में अवैध मादक पदार्थो की तस्करी की रोकथाम के दृष्टिगत चौकिंग के दौरान एक पिकअप संख्या यूके 04 सीबी 2532 को रोक कर चौक किया गया उसमे से सब्जी के नीचे छिपाकर रखी गई तीन पेटियां बरामद हुई। पेटियों को खोलकर देखा गया तो उसमे कुल 144 पव्वे अंग्रेजी शराब के पाए गए। पुलिस ने वहां चालक को पकड़ कर पूछताछ की तो उसने अपना नाम पता रमेश सिंह बिष्ट पुत्र दान सिंह निवासी झरगांव तल्ला थाना खनस्यू जिला नैनीताल बताया। पुलिस ने शराब कब्जे में लेकर चालक रमेश को गिरफ्तार कर लिया। पिकअप को कब्जे में लेकर रमेश के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस टीम में कांस्टेबल ललित आगरी, विनोद यादव व जयकिशन राणा शामिल थे।



# एक समान कानून का लाभ हर नागरिक को मिलेगा: जोशी

खटीमा(उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी पदाधिकारियों ने समान नागरिक संहिता को लेकर प्रेस को सम्बोधित किया। भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी रामू ने कहा कि उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी देश हित मे सबसे पहले निर्णय लेने वाले यूवा मुख्य्मंत्री है। सबसे पहले यूनिफॉर्म सिविल कोड उत्तरा खंड में लागू होगा ये घोषणा सबसे पहले उत्तराखंड के मुख्य्मंत्री ने की। लोनिवि में आयोजित प्रेस में जोशी ने कहा कि यूनिफार्म सिविल कोड सबके लिए एक समान कानून लागू होने से देश के सभी जाति धर्म समुदाय के नागरिकों को लाभ होगा। नगर अध्यक्ष जीवन धामी ने कहा कि मुख्य्मंत्री द्वार यूनिफार्म सिविल कोड के लिए गठित कमेटी ने ड्राफ्ट तैयार कर सीएम को सौप दीया है। उत्तराखंड की जानता का सौभाग्य है कि देश हित के कानून लागू कराने मे सबसे पहले उत्तराखंड सरकार पहल कर रही है।नगर महामंत्री मनोज वाधवा ने कहा की सभी राजनीतिक दल को यूसीसी के समर्थन मे एक मंच पर आना चाहीए। उत्तराखंड और देश का प्रत्येक नागरिक यूसीसी के समर्थन मे एकजुट है। इस अवसर पर कामिल खान ,संतोष अग्रवाल, तारिक मालिक, कमल चोहान, राहुल सक्सेना, मेहताब , विमल सोनकर, अवधेश गोयल, रानू सिद्धिक, भवानी भंडारी पुष्कर बिष्ट,बललित जोशी मौजूद थे।



# धूमधाम से मनाया जु-जित्सू एसोसिएशन का स्थापना दिवस

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। उधम सिंह नगर जनपद के विभिन्न मार्शल आर्ट्स एकेडमी एवं क्लबों में जु-जित्सू एसोसिएशन ऑफ इंडिया का नौ वां स्थापना दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। मंगलवार को रुद्रपुर, नानकमत्ता, काशीपुर, जसपुर, बाजपुर, खटीमा एवं उत्तराखंड राज्य के विभिन्न जनपदों सहित अनेकों जु-जित्सू खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों ने जु-जित्सू एसोसिएशन ऑफ इंडिया का नौवां स्थापना दिवस बड़े हर्ष उल्लास के साथ मनाया एवं एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की। जानकारी देते हुए जु-जित्सू एसोसिएशन ऑफ उधम सिंह नगर (रजि) के महासचिव सेंसई ऋषि पाल भारती ने बताया कि जु-जित्सू एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष रेंसी विनय कुमार जोशी एवं महासचिव सिहान अमित अरोरा के दिशा निर्देशन में उधम सिंह नगर जनपद, उत्तराखंड राज्य एवं भारत देश के समस्त जु-जित्सू खिलाड़ी नए आयाम हासिल कर रहे हैं। अब मिनिस्ट्री ऑफ यूथ अफेयर्स एंड स्पोर्ट्स, गवर्नमेंट ऑफ इंडिया एवं ओलंपिक कार्उसिल ऑफ एशिया से पूर्ण मान्यता प्राप्त होने से लाखों खिलाड़ियों इस मार्शल आर्ट् के प्रति विशेष रुझान के साथ आगे बढ़ रहे है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत देश का परचम लहरा रहे हैं। वर्तमान में अन्य खेलों की भांति जु-जित्सू खिलाड़ियोंको भी खेल विभाग उत्तराखंड द्वारा कई खेल सुविधाओं, शिविरों का लाभ प्राप्त कर रहे है। जिला जु-जित्सू संघ नैनीताल के अध्यक्ष सेंसेई देवेंद्र रावत ने कहा कि आज गर्व का विषय है कि आज उत्तराखंड राज्य जु- जित्सू खेल में देश में विशेष पहचान बना चुका है। 19 वें एशियाई खेल, चीन में उत्तराखंड राज्य के दो खिलाड़ी नव्या पांडे, कमल सिंह का चयनित होना राज्य एवं देश के लिए कीर्तिमान है। इस अवसर पर जु-जित्सू एसोसि एशन ऑफ उधम सिंह नगर के पदाधिकारियों, प्रशिक्षकों, खिलाड़ियों, एवं अन्य खेल संघों ने शुभकामनाएं प्रेषित की।



# महिला ने फांसी लगाकर दी जान

किच्छा (उद संवाददाता)। अज्ञात कारणों के चलते निकटवर्ती ग्राम सिरोली कलां में एक महिला ने फांसी लगाकर जान दे दी। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लेकर परिजनों से आवश्यक पूछताछ की और शव क्ष पंचनामा भर पोस्ट मार्टम के लिए भिजवाया। जानकारी के अनुसार किच्छा के ग्राम सिरौली कला में शराफत की पत्नी फरजाना ने अपने ही घर में फांसी लगाकर जान दे दी।मृतका अपने पीछे चार मासूम बच्चों को रोता बिलखता छोड़ गयी। बताया जाता है कि ग्राम छिनकी कुराया निवासी बिंदु शाह ने अपनी पुत्री फरजाना का विवाह सिरौली कला निवासी शराफत पुत्र अकबर शाह के किया था। फरजाना ने विवाह के पश्चात चार बच्चों को भी जन्म भी दिया। जिसमें तीन पुत्रियां और पुत्र है। वहीं शराफत दैनिक मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करता है। जब शराफत मजदूरी करने घर से गया । उसे किसी ने फोन पर बताया कि उसकी पत्नी फरजाना ने घर में फांसी लगाकर जान दे दी है। जिस पर शराफत तत्काल घर पहुंचा तो देखा उसकी पत्नी फरजाना फांसी पर लटकी हुई थी। मामले की सूचना पुलिस की दी गई। उपनिरीक्षक पवन जोशी ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव को नीचे उतारा और पंचनामा भरकर उसे पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।



# चाकू सहित युवक गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत रात्रि पुलिस ने गश्त के दौरान संदिग्ध रूप घूमते एक युवक को अवैध चाकू सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार उनि मुकेश मिश्रा साथी पुलिस कर्मियों का. किशन सिंह व हेम चन्द्र फुलारा के साथ चैकिंग करते बिन्दुखेडा रोड पर पहुंचे जहां निर्माणाधीन भवन के सामने पुलिया पर एक युवक संदिग्ध रूप से खड़ा दिखाई दिया। संदेह होने पर पुलिसकर्मियों ने उसे पकड़कर पूछताछ की तो उसने अपना पाम पता विकास साहनी पुत्र पुचकी साहनी निवासी कन्टोपा थाना रुद्रपुर बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से एक रामपुरी चाकू बरामद हुआ। पुलिस ने चाकू कब्जे में लेकर विकास के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

# दो वारंटियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अलग अलग मामलों में न्यायालय से वांछित चल रहे दो वारंटियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। दोनों को कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई की गयी है। पुलिस के मुताबिक जिफरान पुत्र अरशद निवासी सुभाष कालोनी तमंचा रखने के आरोप में जेल गया था। जमानत के बाद वह कोर्ट में पेश नहीं हुआ। इस पर कोर्ट से उसके खिलाफ वारंट जारी हुआ। एसआई विपुल जोशी ने पुलिस कर्मियों के साथ उसे गल्ला मंडी से गिरफ्तार कर लिया। इसके अलावा पुलिस ने वारंटी रवि आंनद पुत्र भूपेंद्र भगत सिंह चौक को भी गिरफतार किया। दोनों को कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई की जा रही है।

# पुलिस ने संदिग्ध युवक दबोचा

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। निर्माणाधीन भवन के पास चोरी के इरादे से घूम रहे संदिग्ध को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार एसआई मुकेश मिश्रा,हेम फुलारा बिंदुखेड़ा में गश्त पर थे। इसी दौरान एक निर्माणाधीन मकान के पास संदिग्ध युवक घूम रहा था। पुलिस को देखकर वह भागने लगा। जिस पर पुलिस ने उसे पकड़ लिया। पूछताछ करने पर वह कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। जिस पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम विकास साहनी पुत्र पुचकी साहनी निवासी कंटोपा बताया। उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई की जा रही है।

# प्राथमिकता से करें जनसमस्याओं का निस्तारण: डीएम

## डीएम ने खटीमा में आयोजित तहसील दिवस सुनी लोगों की समस्याएं

खटीमा( उद संवाददाता)। जिलाधिकारी उदयराज सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को विकास खण्ड सभागार में आमजन की समस्याओं के निराकरण हेतु तहसील दिवस का आयोजन किया गया। तहसील दिवस में जल भराव, नाली निर्माण, पुलिया निर्माण, सड़क निर्माण, नाला सफाई आदि से सम्बन्धित कुल 61 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें से अधिकरतर समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि तहसील दिवस में जिन समस्याओं का निस्तारण संभव नहीं हो पाया है उन सम्स्याओं को सम्बन्धित विभागों को प्रेषित किया जा रहा हैं, उन सभी समस्याओं का समबद्धता एवं प्राथमिकता से निस्तारण करना सुनिश्चित करें और कृत कार्यवाही से फरियादियों को भी अवगत कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने जिलास्तरीय व तहसील स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि आमजन की समस्याओं का निस्तारण सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसलिये जनता की कोई भी समस्या हो, उसका निस्तारण व्यक्तिगत रुचि लेकर समाधान करना सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि जो भी समस्या है उनका सरलीकरण, समाधान, निस्तारीकरण के क्रम में शीघ्रता से निस्तारण करना है। उन्होने कहा कि जनता की जो छोटी-छोटी समस्या है उनका त्वरितगति से निस्तारण करने से लोगों का सरकार के प्रति विश्वास बढ़ता है, इस लिये यदि कोई भी व्यक्ति कार्यालयों में आता है तो उसकी छोटी-छोटी समस्या का तत्काल समाधान करें।प्रमुख समस्याओं में ग्राम मझोला निवासी माया, सीताराम आदि आवंटित पट्टे पर लगी रोक हटाने की मांग की, जिस पर जिलाधिकारी ने कहा कि पत्रावली का अवलोकन कर जो भी उचित कार्यवाही होगी उसे अवश्य किया जायेगा। ग्राम विरिया निवासी सौरभ सिंह ने चरित्र सत्यापन की मांग रखी जिस पर जिलाधिकारी ने राजस्व विभाग अधिकारियों को तत्काल परीक्षण कर निस्तरण करने के निर्देश दिये। ग्राम नदन्ना निवासी माया जोशी ने नाली निर्माण, पाईप लगाने, सड़क बनाने की समस्या रखी जिसपर जिलाधिकारी ने पेयजल निगम व खण्ड विकास अधिकारी को निर्देश दिये कि निरीक्षण कर समस्या का शीघ्रता से निस्तारण करें। सभासद असलम अंसारी ने एनएच के किनारें बने नालियों को सफाई करने की मांग रखी जिस पर जिलाधिकारी ने ईओ नगर पालिका के निर्देश दिये कि शीघ्र नालियों की सफाई कराये ताकि जल भराव की स्थिति न हो। अकबर हुसैन ने पॉलिटैक्निक रोड को नगर पालिका द्वारा बनाने की मांग रखी जिसपर जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को निर्देश दिये कि सड़क का निरीक्षण कर आवश्यतानुसार कार्यवाही करना सुनिश्चि करें। ग्राम चन्देली निवासी टहल सिंह ने रास्ते से अतिक्रमण हटाने की मांग रखी जिस पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी को निर्देश दिये कि निरीक्षण कर सड़क को अतिक्रमण से मुक्त कराये। उमरूखुर्द निवासी प्रकाश चन्द्र पाण्डेय ने जल भराव की समस्या रखी जिसपर जिलाधिकारी ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि मौके का निरीक्षण कर पानी हेतु उचित कार्यवाही करें। अर्जून सिंह ने नगर पालिका यूजर चार्ज लेने के बाद भी कूड़ा नही उठाने की समस्या रखी जिसपर जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को निर्देश दिये कि जांच कर डोर- टू-डोर कूड़ा उठवाना सुनिश्चित करें। तहसील दिवस के उपरांत जिलाधिकारी ने अधिकारियों के साथ बैठक कर निर्देश दिये कि जनता दूर-दूर से छोटी-छोटी समस्या लेकर आती है तो उन छोटी-छोटी समस्याओं को तत्काल निस्तारण करें, अनावश्यक किसी को परेशान न किया जाये। उन्होने पेयजल विभाग के अधिकारियो को निर्देश दिये कि जिन क्षेत्रों में सड़क खोद कर पानी की पाईप लाइन डाली जा रही है उसे पानी की टेस्टिगं कर सड़क का तत्काल मरम्मत कराना सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि अभी बरसात का मौसम है इस लिये नगर पालिका व सिंचाई विभाग के अधिकारी नाली व नहरों की अच्छी तरह से सफाई करा लें ताकि कही भी जल भाराव की स्थिति उत्पन्न न हो। तहसील दिवस में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर अपने- अपने विभाग से सम्बन्धित योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई।तहसील दिवस में उपाध्यक्ष राज्य किसान आयोग राजपाल सिंह, अध्यक्ष मंडी समिति नन्दन सिंह खड़ायत, उप जिलाधिकारी रविन्द्र बिष्ट, पीडी हिमांशु जोशी, जिला विकास अधिकारी तरा ह्यांकी, सहायक निदेशक मत्स्य संजय कुमार छिमवाल, जिला कार्यक्रम अधिकारी उदय प्रताप सिंह, सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित थे।










# पार्टी ने मौका दिया तो फिर चुनाव लड़ूंगा:रामपाल सिंह

## बोले मेयर- नजूल नीति का अधिक से अधिक लाभ दिलाने के लिए सभी वार्डों में लगाया जाएगा विशेष कैंप

■ अर्श

रूद्रपुर। भारतीय जनता पार्टी का मैं एक अनुशासित सिपाही हूं ,अगर पार्टी ने मौका दिया तो मैं दोबारा मेयर का चुनाव अवश्य लड़ूंगा और अपने कामकाज के आधार पर शहर की जनता से फिर आशीर्वाद मांगूंगा। उक्त उद्-गार रुद्रपुर के मेयर ने विगत दिनों 'उत्तरांचल दर्पण' के साथ नगर के विभिन्न मसलो पर हुई ,एक विस्तृत बातचीत के दौरान व्यक्त किए। बातचीत के दौरान नगर के प्रथम नागरिक ने जहां, रुद्रपुर में स्लज ट्रीटमेंट प्लांट की परिकल्पना को अपने कार्यकाल की एक बड़ी उपलब्धि के रूप में रेखांकित किया, वही आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण में रुद्रपुर नगर निगम को उत्तराखंड में पहले पायदान पर आरूढ़ करने का संकल्प भी व्यक्त किया। रुद्रपुर शहर की स्वच्छता यात्रा की चर्चा करते हुए उन्होंने बताया कि नगर निगम एवं नगर के प्रबुद्ध नागरिकों के सामूहिक प्रयासों के चलते एक समय रुद्रपुर स्वच्छता सर्वे में उत्तराखंड का दूसरे नंबर का स्वच्छ शहर था, परंतु बाद में हुए एक ओडीएफ सर्वे मे कुछ खामियां पाए जाने के कारण रुद्रपुर की रैंकिंग नीचे आ गई । मगर अब हमने सात नए पब्लिक टॉयलेट बनवा कर उपरोक्त कमी को पूरा कर दिया है। साथ ही हमने कूड़ा निस्तारण का प्लांट लगाकर पहाड़गंज स्थित कूड़े के पहाड़ को लगभग 80% तक खत्म कर दिया है और आगामी 3 माह के भीतर हम शहर को कूड़े के इस पहाड़ से पूरी तरह निजात दिला देंगे। इसके अतिरिक्त हमने सीवीजी प्लांट भी लगाया है ,लिहाजा अब हमें पूरा विश्वास है कि आगामी स्वच्छता सर्वे में रुद्रपुर नगर निगम अपने लक्ष्य तक जरूर पहुंचेगा। संशोधित नजूल नीति को अमलीजामा पहनाने में नगर निगम के संभावित योगदान की चर्चा करते हुए मेयर ने बताया, कि नगर के लोगों को नजूल नीति की नई व्यवस्था का अधिक से अधिक लाभ दिलाने के लिए नगर



निगम सभी वार्डों के अंतर्गत एक विशेष कैंप लगाएगा और यह सुनिश्चित करेगा की सभी पात्र नागरिक इसका लाभ ले सकें । उन्होंने दावा किया की नई नजूल नीति में 50 स्क्वायर मीटर भूखंड के स्वामियों पर विशेष फोकस होने तथा पूर्व की नजूल नीति की अहर्ता संबंधी विसंगतियों को दूर करने के बाद, अब अधिकांश पात्र लोगों को इसका लाभ मिल जाएगा तथा बड़े भूखंड वाले जो भी भूमि स्वामी शेष रह जाएंगे, उनके प्रकरण का निस्तारण सर्किल रेट को आधार मानकर कर दिया जाएगा। चर्चा के दौरान उन्होंने सर्किल रेट अधिक होने की बात स्वीकारी और सर्किल रेट रिवाइज करने संबंधी अनुरोध पत्र सरकार को भेजने की मंशा भी जाहिर की। नगर निगम द्वारा संचालित डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन की कार्य योजना पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि पिछली बार टेंडर ना हो पाने के कारण इस व्यवस्था की कुछ खामियां जरूर सामने आई थी, लेकिन इस वर्ष सारी व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त है और गाड़ियां प्रत्येक वार्ड में घर-घर पहुंच रही हैं। काफी समय से अधर में झूल रही वेंडिंग जोन स्थापना की योजना का जिक्र किए जाने पर उन्होंने बताया कि इस प्रयोजन के लिए कुछ स्थान चिन्हित कर लिए गए हैं और यह कार्य प्रगति पर है। नगर निगम को आत्मनिर्भर बनाने की भावी योजना के संबंध में उन्होंने बताया कि वे टैक्स कलेक्शन की एक सरल एवं सर्व स्वीकार्य प्रणाली लाने के पक्षधर हैं ,लेकिन कतिपय अड़चनों के कारण अभी इसकी व्यापक कार्य योजना नहीं तैयार की जा सकी है। इस क्रम में उन्होंने बड़ी साफगोई से यह स्वीकार किया कि नगर निगम की आर्थिक स्थिति संतोषजनक नहीं है और राज्य सरकार से भी नगर की आवश्यकता अनुसार फंड नहीं मिल पा रहा है। इस कारण निगम के विकास का पहिया सरपट नहीं दौड़ पा रहा। बारिश के मौसम में लगभग हर साल नगर के नासूर के रूप में सामने आने वाली ,जलजमाव की समस्या से निपटने की कार्य योजना की चर्चा करते हुए मेयर ने बताया कि आईआईटी रुड़की के सहयोग से सिचाई विभाग एक डीपीआर तैयार करा रहा है, जिसके माध्यम से यह तय होगा कि शहर के ड्रेनेज सिस्टम का भावी स्वरूप कैसा होगा। उन्होंने उम्मीद जाहिर की कि सिंचाई विभाग की इस कवायद के बाद, कोई ना कोई तसल्लीबक्स नतीजा अवश्य ही सामने आएगा। कल्याणी नदी के तट पर आकार ले रहे मेयर के ड्रीम प्रोजेक्ट का जिक्र किए जाने पर उन्होंने कहा , कि वह इस कार्य की प्रगति से पूरी तरह संतुष्ट नहीं है और अभी इस दिशा में बहुत कुछ किया जाना बाकी है। हालांकि उन्होंने इस बात का पर संतोष जाहिर किया कि उपरोक्त कार्य योजना के चलते कल्याणी नदी का हजारों टन कचरा बाहर निकालकर उसे स्वच्छ बनाने की कोशिश की जा सकी।

# दो कुख्यात गौ तस्कर पुलिस की गिरफ्त में

रूद्रपुर। सिडकुल चौकी क्षेत्रान्तर्गत पारले कम्पनी के पास नाले में अज्ञात गौ तस्करो द्वारा गौवंशीय जानवरों को काटकर फेंकने के मामले में पुलिस ने दो कुख्यात तस्करों को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा कर दिया है। पकड़े गये तस्करों में से एक पर 40 तो दूसरे पर 15 से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। बता दें पिछले दिनों सिडकुल क्षेत्र में नाले से गोवंशीय पशुओ के 2 सिर, 2 अदद खाले, 6 पैर बरामद हुए थे। मामले की गम्भीरता को देखते हुए मौके पर पशु चिकित्सक को बुलाया गया जिनके द्वारा बरामद हुए गोवंशीय पशु के अंगो की जाँच की तथा उक्त बरामद हुए अंगो की गोवंशीय पशु के अंग होने की पुष्टि की। प्रकरण में अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध गौवंश संरक्षण अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टिसी ने घटना के खुलासे के लिए टीमें गठित की थी। पुलिस टीमों ने अनावरण के लिए घटनास्थल के आस पास के सीसी टीवी



फुटेज खंगाले। खुलासा करते हुए एसएसपी मंजूनाथ टिसी नपे बताया कि जांच कर रही पुलिस टीम को सूचना मिली कि घटना को अंजाम देने वाले तस्कर फिर से सड़क किनारे लावारिस घूमती गायों को काटने की फिराक में हैं । सूचना पर पुलिस ने चेकिंग अभियान चलाकर हल्द्वानी रोड पर रेलवे क्रासिंग के पास से इमरान पुत्र अफसर अली निवासी ग्राम खिंदरपुर थाना अजीमनगर जिला रामपुर और मोहम्मद अली पुत्र अहमद अली निवासी मोहल्ला घेर मर्दान खाँ निकट तकिया शरवर शाह थाना कोतवाली जिला रामपुर को गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त इमरान के कब्जे से गोवध में प्रयुक्त होने वाले के उपकरण 1 रस्सी, 1 छुरी तथा 2 चापड बरामद हुए। मौहम्मद अली के कब्जे से 1 तमंचा 315 बोर मय एक जिन्दा कारतूस बरामद हुआ। दोनो ने पूछताछ में बताया कि उनके द्वारा 19 जून 2023 की रात में सिडकुल में लावारिस घूम रही दो गायो को काटा था तथा जिसमें उनके साथ नवाब नूर पुत्र हयान नूर निवासी घेर नज्जू खाँ थाना गंज जिला रामपुर तथा दानिश पुत्र अफसर अली निवासी ग्राम खिदरपुर थाना अजीमनगर जिला रामपुर उ0प्र0 भी शामिल थे । पूछताछ में पता चला कि इन लोगो द्वारा गैंग बनाकर गो तस्करी की जाती हैं तथा इस गैंग का लीडर नवाब नूर हैं। नवाब नूर के पास दिल्ली नम्बर की काले रंग की गाड़ी हैं इसी गाड़ी से ये लोग गो तस्करी करते हैं। घटना को अंजाम देते समय दानिश गाड़ी चलाता हैं तथा नवाब नूर ब्रेड आदि का लालच देकर गोवंशीय पशुओ को पकडता हैं तथा पकड़ने के बाद ये चारो मिलकर उसका वध करते हैं एवं उसका मांस व खाल निकालकर रामपुर में बेचते हैं। 19 कजून को भी सिडकुल में इन लोगो द्वारा दो गायो को काटा गया था तथा गाड़ी में ज्यादा मांस हो जाने के कारण इनके द्वारा गायो के सर व खुर पैर नाले में फेंक दिये थे। घटना में शामिल चारो अभियुक्तगण शातिर अपराधी हैं जिनका आपराधिक इतिहास भी हैं। पुलिस पकड़े गये तस्करों के फरार साथियों की तलाश कर रही है।

KOTIA ENTERPRISES
शुद्ध तेल खाओ, जीवन लम्बा बनाओ!
वीर कच्ची घानी
शुद्धता में सर्वोत्तम
100% Pure
होम डिलीवरी उपलब्ध
Ward No.16 Kichha Road, Bagwara Rudrapur (U.S.Nagar)
Veer Singh Virk
Managing Director
Mob.+919837146811,7500035083
Email:veersingh.bagwara@gmail.com
खल सरसों (लाही) गेहूं (कनक)/धान/मटर/सोयाबीन,उच्च मूल्य पर खरीदने बेचने के लिए संपर्क करें

# तहसीलदार ने किया आपदा कंट्रोल रूम का औचक निरीक्षण

सितारगंज। तहसीलदार जगमोहन त्रिपाठी ने सोमवार शाम तहसील में बने बाढ़ आपदा कंट्रोल रूम का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान ड्यूटी पर लगाए गए जीआईसी शक्तिफार्म के परिचारक रवि कुमार मौके से गैरहाजिर मिले जबकि सर्वे लेखपाल अंगद कुमार डयूटी पर तैनात थे। तहसीलदार त्रिपाठी ने रवि को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब मांगा। तहसीलदार ने कहा कि लापरवाही बरतने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।तहसीलदार ने बाढ़ चौकियों में तैनात कर्मचारियों को सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। तहसीलदार ने कहा कि पर्वतीय क्षेत्रों में बारिश के कारण नदियों में बाढ़ का खतरा रहता है। कर्मचारी क्षेत्र में बारिश न होने की स्थिति में भी लापरवाही न बरतें। नदियों पर निगरानी बरती जाए। कहा कि बाढ़ चौकी पर तैनात कर्मचारी पल-पल की जानकारी रोजाना कंट्रोल रूम में दर्ज कराएं।

# विकास के साथ आय में भी वृद्धि करें नगर निकाय: अग्रवाल

## वित्त मंत्री ने की आठ नगर निकायों के कार्यों की समीक्षा

काशीपुर(उद संवाददाता)। सरकार द्वारा गरीबों के उत्थान एवं कल्याण हेतु चलाई जा रही योजनाओं का लाभ पत्रों तक पहुॅचना सुनिश्चित करें। यह निर्देश शहरी विकास एवं आवास, वित्त, विधायी एवं संसदीय कार्य, जनगणना तथा पुनर्गठन मंत्री प्रेम चन्द अग्रवाल ने नगर निगम सभागार में 8 नगर निकायों द्वारा किये जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए दिये। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिये कि आय संसाधन न बढ़ा पाने के कारण किसी नगर निकाय की 15वें वित्त की ग्राण्ट रूकती है तो सम्बन्धित निकाय के अधिशासी अधिकारी के खिलाफ सख्ती से कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। श्री अग्रवाल ने अधिकारियों को हिदायत देते हुए कहा कि आजीविका से जुड़े कार्यों के साथ ही अन्य सभी महत्वपूर्ण कार्यों का समयबद्धता एवं प्राथमिकता के आधार पर सम्पादित किया जाये। उन्होंने सभी निकायों को अपनी-अपनी आय में वृद्धि करने के भी निर्देश दिये। उन्होंने यह भी निर्देश दिये कि सफाई व्यवस्था, फॉगिंग, कीटनाशन दवाईयों के छिड़काव आदि कार्य कराते समय सम्बन्धित क्षेत्रों के पार्षदों को जानकारी दी जाये और उन्हें पूर्णतः विश्वास में लिया जाये कि ये सभी कार्य उनके वार्ड में हो रहे हैं। उन्होंने कार्यों की पारदर्शिता हेतु किये जा रहे कार्यों की फोटो व्हाट्सअप ग्रुप के माध्यम से भी पार्षदों तक उपलब्ध कराने के निर्देश सभी अधिकारियों को दिये। उन्होंने पीएम स्वनिधि योजना की समीक्षा के दौरान स्पष्ट निर्देश दिये कि बैंकर्स के साथ समन्वय करते हुए तथा पात्रों को प्रोत्साहित करते हुए ऋण उपलब्ध कराया जाये और किसी व्यक्ति के बाहरी क्षेत्र का होने के कारण आवेदन पत्र निरस्त न किया जाये। उन्होंने नगर निगम काशीपुर में योजनान्तर्गत निरस्त 488 आवेदन पत्रों पर नाराजगी जाहिर करते हुए निर्देश दिये कि एक-एक आवेदन पत्र निरस्तीकरण का कारण उपलब्ध कराया जाये। उन्होंने डे-एनयूएलएम योजनान्तर्गत निर्धारित लक्ष्य को शीघ्रत से पूर्ण करने के भी निर्देश नगर निगम काशीपुर को दिये। उन्होंने कहा कि वेंडिंग जोन तथा सिटी लाईवलीहुड सेन्टर निर्माण हेतु भी पर्याप्त धनराशि उपलब्ध, नगर निकाय आवश्यकतानुसार अपनी डिमाण्ड शासन को भेजना सुनिश्चित करें। उन्होंने पीएम स्वनिधि, पीएम आवास योजना, वेंडिंग जोन, कूड़ा निस्तारण, सफाई व्यवस्था, फोगिंग, दवाई छिड़काव, सम्पत्ति कर सहित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से समीक्षा की। बैठक में पार्षद एवं बीजेपी प्रदेश सचिव गुरविन्दर सिंह चण्डोक ने सरोपा भेंट किया, इसके साथ ही विभिन्न संगठनों द्वारा ज्ञापन सौंपा। मीटिंग के पश्चात श्री अग्रवाल ने काशीपुर में बन रहे एसटीपी प्लांट का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान क्षेत्र में जल भराव होने पर सख्त नाराजगी जाहिर करते हुए निर्देश दिये कि बरसात के मौसम में जलजनित बीमारियां फैलने के साथ ही डेंगू का लारवा पनपने के सबसे अधिक संभावनाएं रहती है। इसलिए जल निकास हेतु तत्काल व्यवस्था की जाये। उन्होंने एसटीपी निर्माण कार्य की डेडलाइन मार्च 2022 के एक साल बाद भी निर्माण कार्य पूरा न होने पर सख्त नाराजगी जाहिर करते हुए प्लांट निर्माण कार्य की धीमी गति की जांच करने के निर्देश अपर निदेशक शहरी विकास अशोक पाण्डे को दिये। उन्होंने निर्माण कार्य को शीघ्रता से गुणवत्तायुक्त ढंग से पूर्ण कराने के निर्देश अधिशासी अभियंता जल संस्थान को दिये। इस दौरान क्षेत्रीय विधायक त्रिलोक सिंह चीमा, मेयर ऊषा चौधरी, पूर्व विधायक डॉ.शैलेन्द्र मोहन सिंघल, पार्षद गुरविन्दर सिंह चण्डोक, गंधार अग्रवाल, वैशाली गुप्ता, राजू राठी, सादिक हुसैन, अनिल चौहान, अपर निदेशक शहरी विकास अशोक पाण्डे, नगर निकायों से गीता चौहान, मौ.आसिफ, शिखा आर्य, पियूष अग्रवाल, सतीश कुमार, प्रेम, मनोज दास, राजकुमार भारती आदि उपस्थित थे।







# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## शरद पवार को झटका

महाराष्ट्र के 'चाणक्य' माने जाने वाले शरद पवार को चित्त कर दिया गया। उनके सगे भतीजे एवं 'राजनीतिक चंद्रगुप्त' अजित पवार ने न केवल उनकी पार्टी एनसीपी का अपहरण कर लिया, बल्कि पाला बदल कर भाजपा-शिवसेना सरकार में शामिल हो गए। अजित पवार का भाग्य है कि वह 5वीं बार उपमुख्यमंत्री बने हैं। इस प्रकरण में इतिहास ने खुद को दोहराया है। शरद पवार ने अपने 'राजनीतिक गुरु' वसंत दादा पाटिल को गच्चा देकर बगावत की थी और जनता पार्टी के समर्थन से, 38 साल की युवा आयु में ही, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री बन बैठे थे। 1999 में उन्होंने तत्कालीन कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी के विदेशी मूल के मुद्दे पर कांग्रेस से बगावत की थी और 'राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी' (एनसीपी) का गठन किया था। आज अजित पवार उसी पार्टी और चुनाव चिह्न पर दावा कर रहा है। उनके साथ पार्टी के कुल 54 विधायकों में से 40-44 के समर्थन का भी दावा किया जा रहा है। फिलहाल अजित के साथ 8 एनसीपी विधायकों ने भी मंत्री पद की शपथ ग्रहण की है, लेकिन शिवसेना के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे वाले गुट की तरह एनसीपी के बागी विधायकों के संवैधानिक पालाबदल का फैसला स्पीकर राहुल नार्वेकर को करना है। महाराष्ट्र की राजनीति और सत्ता में तब तक अस्थिरता और अनिश्चितता रहेगी। वैसे शरद पवार ने घोषणा की है कि वह अदालत नहीं जाएंगे। जिन्होंने बगावत की और डकैती डाली है, उनके खिलाफ समूचे महाराष्ट्र में घूम कर नया जनमत, नया नेतृत्व तैयार करेंगे। पवार में राजनीतिक माद्दा अब भी शेष है। इस प्रकरण का सबसे गंभीर आश्चर्य यह रहा है कि 'चाणक्य' को चित्त कर दिया गया। उन्हें तो राष्ट्रीय राजनीति में कई बार प्रधानमंत्री पद का दावेदार माना गया है। वह लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष भी रहे और केंद्रीय मंत्री भी बने। अब करीब 83 साल की वयोवृद्ध उम्र में वह कितना सक्रिय रह पाएंगे और कितना जनमत जुटा पाएंगे, यह बहुत बड़ा सवाल है। अजित ने एनसीपी का अचानक अपहरण इसलिए नहीं किया कि शरद पवार ने बेटी सुप्रिया सुले और निकटस्थ सांसद प्रफुल्ल पटेल को पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष बना दिए थे। दरअसल अजित पार्टी में हाशिए पर महसूस कर रहे थे, लिहाजा करीब तीन माह पहले राजधानी दिल्ली में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से उन्होंने मुलाकात की थी और भाजपा के साथ काम करने की मंशा जताई थी। बीते दिनों अमित शाह से मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस ने भी मुलाकात की थी और शरद पवार का तख्तापलट करने की पटकथा को अंतिम रूप दिया था। हालांकि 23 नवम्बर, 2019 की सुबह भी अजित पवार ने मुख्यमंत्री फड़णवीस के साथ 'डिप्टी' की शपथ ली थी, लेकिन वह सिर्फ 78 घंटे का गठबंधन रहा और शरद पवार अपनी रणनीति में कामयाब रहे, लेकिन इस बार 2024 के लोकसभा चुनाव के मद्देनजर रणनीति तय की गई है। विधानसभा चुनाव उसके बाद ही होने हैं। पालाबदल एनसीपी के तौर पर हुआ है, लिहाजा अजित के नेतृत्व वाली पार्टी एनडीए का घटक-दल माना गया है। पार्टी के नेताओं और पदाधिकारियों की बैठक 5 जुलाई को बुलाई गई है। उसी दिन शरद पवार ने भी बैठक बुलाई है। गौरतलब यह होगा कि शरद पवार कितने विधायकों को वापस पार्टी में ले पाते हैं या अजित भाजपा के साथ ही लोकसभा और फिर विधानसभा चुनाव में उतरते हैं, इसी से भविष्य की राजनीति तय होगी। वैसे इस बार एनसीपी में पवार के बेहद करीबी रहे नेताओं ने पाला बदल कर मोदी-शाह की भाजपा के साथ लगने का फैसला किया है।चूंकि कई बड़े एनसीपी नेताओं के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय और अन्य एजेंसियों की कार्रवाई चल रही है, लिहाजा ऐसे नेता भाजपा की ही डोर थामे रखना चाहते हैं। भाजपा-एनडीए को फायदा लग रहा है, लेकिन चुनाव ही सत्यापित करेंगे कि असल जनमत किसके पक्ष में है।

# अनुसंधान एवं नवाचारों का लाभ आम जनमानस को मिले: राज्यपाल



देहरादून(उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने मंगलवार को राजभवन में निजी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने उत्तरांचल विश्वविद्यालय द्वारा तैयार किए गए मोबाइल एप 'यूनिसंगम' का लोकार्पण किया। इस मोबाइल एप के माध्यम से उत्तराखण्ड के समस्त निजी विश्वविद्यालय एक प्लेटफॉर्म पर राजभवन के साथ जुड़ गये हैं। इस मोबाइल एप के द्वारा सभी विश्व विद्यालयों के पास अपनी उपलब्धियों, बेस्ट प्रेक्टिसिज, अनुसंधान व नवाचारों, स्टार्टअप को आपस में व राजभवन के साथ ऑनलाइन संवाद के जरिये साझा किए जाने की सुविधा उपलब्ध हो गई है।बैठक में राज्यपाल ने कहा कि विश्वविद्यालय यह प्रयास करें की अनुसंधान एवं नवाचारों का लाभ राज्य एवं आम जनमानस को मिले। उन्होंने कहा कि निजी विश्वविद्यालय शिक्षा के उन्नयन के क्षेत्र में बेहतर कार्य कर रहे हैं और राज्य के विकास एवं प्रगति में भी उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय, राज्य के विभिन्न विभागों को अपने तकनीकी अनुभवों के माध्यम से सहयोग करें। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय अधिक से अधिक स्टार्टअप, पेटेंट और शोधपत्रों के प्रकाशन पर जोर देने के साथ ही शिक्षा की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें। उन्होंने कहा कि सभी निजी एवं राजकीय विश्वविद्यालय आपसी समन्वय कर सर्वोत्तम प्रथाओं (बैस्ट प्रैक्टिसिज)को साझा करें। राज्यपाल ने कहा कि निःसंदेह हमारे प्रदेश के सभी विश्वविद्यालय शिक्षा को रोजगारपरक बनाकर इस क्षेत्र में अपना अमूल्य योगदान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि बदलते समय में विश्वविद्यालयों को नवीन तकनीकों और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को अपनाकर उसमें शोध एवं अनुसंधान को बढ़ावा देना होगा। राज्यपाल ने विश्वविद्यालय के कुलपतियों से अपेक्षा की कि वे कौशल विकास के जरिये यहाँ के युवाओं को स्टार्टअप के लिए तैयार करें जिससे युवा बेहतर रोजगार के अवसर प्राप्त कर सकें।इस बैठक में यूपीईएस विश्वविद्यालय देहरादून, इक्फाई विश्वविद्यालय देहरादून, पतंजलि विश्वविद्यालय हरिद्वार, ग्राफिक एरा पर्वतीय विश्वविद्यालय देहरादून, आई0एम0एस0यूनिसन विश्वविद्यालय देहरादून, स्वामी राम हिमालयन विश्वविद्यालय देहरादून, डी0आई0टी विश्वविद्यालय देहरादून, उत्तरांचल विश्वविद्यालय देहरादून, मदरहुड विश्वविद्यालय रूड़की, महाराज अग्रसेन हिमालयन गढ़वाल विश्वविद्यालय पोखड़ा, पौड़ी गढ़वाल, क्वांटम विश्वविद्यालय रूड़की, रास बिहारी बोस सुभारती विश्वविद्यालय देहरादून, सरदार भगवान सिंह विश्वविद्यालय देहरादून, भगवंत ग्लोबल विश्वविद्यालय कोटद्वार पौड़ी गढ़वाल, हरिद्वार विश्वविद्यालय, सूरजमल विश्वविद्यालय काशीपुर ऊधमसिंहनगर, कोर विश्वविद्यालय रूड़की, हिमगिरी जी विश्वविद्यालय एवं देवभूमि विश्वविद्यालय, देहरादून के कुलपति उपस्थित रहे।कुलपतियों द्वारा निजी विश्वविद्यालयों की दूसरी बैठक आयोजित कराने पर राज्यपाल का आभार व्यक्त किया। इस दौरान कुलपतियों द्वारा उनके विश्वविद्यालय में अपनायी जा रही बैस्ट प्रैक्टिसिज, उपलब्धियों व अन्य गतिविधियों की जानकारी विस्तार से अवगत करायी। बैठक में विश्वविद्यालयों में व्यवस्थापक मण्डल के गठन तथा उनकी बैठकों को पारदर्शी बनाए जाने पर भी चर्चा हुई। इस अवसर पर आर्थिक रूप से कमजोर छात्र-छात्राओं के लिए विश्वविद्यालयों द्वारा किए गए प्रयासों तथा छात्रवृत्ति प्रदान किए जाने के बारे में कुलपतियों ने जानकारी दी। इस दौरान कुलपतियों द्वारा विभिन्न प्रकार की चुनौतियों से राज्यपाल को अवगत कराया जिस पर उन्होंने उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया।इस बैठक में सचिव उच्च शिक्षा शैलेश बगौली, सचिव श्री राज्यपाल रविनाथ रामन, अपर सचिव श्रीमती स्वाति एस. भदौरिया, विधि परामर्शी श्री अमित कुमार सिरोही के अलावा सभी निजी विश्व विद्यालयों के कुलपति उपस्थित रहे।

# तहसील दिवस पर इंदिरा नगर बरसाती नहर का उठा मामला



हल्द्वानी (उद संवाददाता)। एसडीएम की अध्यक्षता में तहसील में आयोजित तहसील दिवस में पूर्व सभासद शकील अहमद सलमानी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में लोगों ने कहा कि पिछले दो महीनों से इन्द्रानगर बरसाती दुर्गा मंदिर के आस पास पीने का पानी नहीं आ रहा है। लोग एक एक बाल्टी पानी के लिए तरस रहे है। अधिकारी फोन तक नहीं उठाते और नहीं समस्याओं को हल करते हैं।शकील अहमद ने कहा कि कई बार शिकायत करने के बाद भी इन्द्रानगर बरसाती नाला जो कूड़े और गन्दी से पट्टा पड़ा है। नगर निगम ने इन्द्रानगर आधा नाला साफ किया और आधा छोड़ दिया। हलकी सी वर्षा होने पर नाले की गन्दगी सड़कों पर बहने लगती है। लोगो का पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। उन्होंने इन्द्रानगर में खराब स्ट्रीट लाईट को ठीक करने की मांग की ।सलमानी ने कहा कि इन्द्रानगर बड़ी सड़क और छोटी सड़क जो पूरी तरह से टूट चुकी है जगह जगह गहरे गहरे गडडे हो चुके है लोगो का पैदल चलना मुश्किल हो रहा है बार बार शिकायत करने के बाद भी उक्त सड़क का निर्माण नहीं किया। नवीन मंडी, शनिबाजर से गोला गेट जाने वाली सड़क का मुद्दा भी उठाया। महिलाओ ने विधवा व वृद्धा पेंशन ना आने की शिकायत दर्ज कराई। इस दौरान निजामुद्दीन सलमानी, शब्बीर अहमद अल्वी ,मसरूर, असलम, फिरसत्त, अशरफ अली, उस्मान, अनीता देवी, साइस्या, अनवरी,जैतून, मुन्नी देवी, भाग्य श्री, कमर जहा, यासमीन जहां आदि लोगों ने शिकायत दर्ज कराई।

# मुफ्त की रेवड़ियां देने की गारंटी

मध्य प्रदेश में मतदाता को मुफ्त की रेवड़ियां गारंटी के साथ बांटने की होड़ लगी है। यह गारंटी भाजपा और कांग्रेस तो पिछले तीन माह से देने में लगी हैं, अब आम आदमी पार्टी के मुखिया और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल भी प्रदेश में उनकी सरकार बनती हैं तो सात प्रकार की रेवड़ियां बांटने की गारंटी ग्वालियर की धरती से बीते शनिवार को दे गए। उनके साथ पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान भी थे। लिहाजा दोनों मुख्यमंत्रियों ने दिल्ली और पंजाब सरकारों की तर्ज पर रेवड़ियां बांटने की गारंटियां दीं। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर अपने अंदाज में रेवड़ियों को लेकर ही तीखे कटाक्ष किए। दरअसल इसी दिन प्रधानमंत्री का कार्यक्रम मध्यप्रदेश के भी आदिवासी बहुल जिले शडहोल में था। उन्होंने अपनी गारंटियों को तो नागरिक के लाभ का हिस्सा बताया, लेकिन कांग्रेस और आप द्वारा दी गई गारंटियों को देश और राज्य को बर्बाद कर देने का उपाय बताया। बहरहाल गारंटियों की इस लोक-लुभावन होड़ में कौन बाजी मारता है, यह तो वक्त बताएगा, लेकिन आखिरकार ये मुफ्त की रेवड़ियां सरकारी खजाना तो खाली करेंगी ही, सुचारू रूप से चल रही नल बिजली जैसी बुनियादी सुविधाओं को भी पलीता लगाने वाली साबित हो सकती हैं। अरविंद केजरीवाल ग्वालियर में विशाल आमसभा में मतदाताओं को लुभाने की दृष्टि से सात प्रकार की बुनियादी सुविधाएं मुफ्त में देने की घोषणा की। पहली गारंटी देते हुए कहा कि दिल्ली और पंजाब की तरह 24 घंटे जिस तरह से बिजली निशुल्क दी जा रही है, वह मध्यप्रदेश में भी दी जाएगी। दूसरे, सब जल उपभोक्ताओं को मुफ्त पानी मिलेगा। तीसरे, प्रदेश में मोहल्ला क्लीनिक खोलकर सभी रोगियों का मुफ्त इलाज किया जाएगा। चौथे महिलाओं को सरकारी और निजी बसों में निशुल्क यात्रा की सुविधा दी जाएगी। पांचवी, सभी वर्ग के बच्चों के लिए निशुल्क शिक्षा हासिल होगी। जिस तरह से दिल्ली में उत्तम विद्यालय, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ अस्तित्व में लाए गए हैं, वही पद्धति प्रदेश में लागू होगी। अमीर और गरीब के बच्चे एक साथ पढ़ेंगे। छठवीं प्रत्येक परिवार के बुजुर्गों को निशुल्क तीर्थ यात्रा कराई जाएगी। सातवीं युवाओं के रोजगार के पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे। पंजाब में अब तक तीस हजार युवाओं को नौकरियां दी जा चुकी हैं और तीन लाख को देने की तैयारियां चल रही हैं। केजरीवाल ने कहा जब मैं निशुल्क सुविधाएं देने की गारंटी देता हूं तो प्रधानमंत्री मुझसे नाराज होकर बोलते है कि मैं फ्री की रेवड़ियां बांट रहा हूं। मैं उनसे हाथ जोड़कर कहता हूं कि हां देता हूं आपको क्या तकलीफ है ? यदि मैंने निराश चेहरों पर मुस्कान ला दी है तो कौन सी गलती कर दी। आपने तो सरकारी खजाने का धन अपने दोस्तों को बांट दिया। मुबंई के एक दोस्त को 34 हजार करोड़ रुपए का तो गुजरात के मित्र को 22 हजार करोड़ रुपए का कर्ज माफ कर दिया। इस तरह आप कुल 11 लाख करोड़ रुपए बड़े उद्योगपतियों के माफ कर चुके हैं। दूसरी तरफ आप दूध, छाच, पनीर, तेल, आटा, चावल और अन्य भोजन की सामग्री पर कर लगाकर गरीब की थाली को महंगा करने में लगे हैं। अब मैं सात राहत की रेवड़ियां बांटने की गारंटी दे रहा हूं, तो क्या कोई गुनाह कर रहा हूं। अब केजरीवाल कहें जो भी, लेकिन उनके द्वारा रेवड़ियां बांटने से दिल्ली सरकार का खजाना खाली हो चुका है। केजरीवाल ने रेवड़ियां तो बांटी ही, करोड़ों रुपए मीडिया को विज्ञापन देकर भी खर्च किया। इस कारण 'रीजनल रेपिड ट्रांजिट सिस्टम' (आरआरटीएस) परियोजना खटाई में पड़ गई है। इस परियोजना से दिल्ली को राजस्थान और हरियाणा से जोड़ा जाना है। इस मामले को लेकर सर्वोच्च न्यायालय को भी दिल्ली सरकार को फटकार लगाते हुए सरकार से पिछले तीन वित्तीय वर्शों में दिए विज्ञापन खर्च का हिसाब मंगा है। दरअसल इस परियोजना के लटक जाने के कारण दिल्ली सरकार के वकील ने न्यायामूर्ति एसके कॉल और सुधांशु धूलिया की पीठ को बताया कि 'सरकार के पास धन का अभाव है। इसलिए परियोजना को आर्थिक सहायता देने में मुश्किल पेश आ रही है। अब केजरीवाल से पूछिए कि मुफ्त में रेवड़ियां बांटेगे तो खजाना तो खाली होगा ही, बुनियादी सुविधाएं भी अधर में लटकी रहेंगी। करीब तीन लाख करोड़ के कर्ज में डूबी मध्यप्रदेश सरकार भी मतदाताओं को लुभाने के लिए न केवल रेवड़ियां बांटने की गारंटी दी है, बल्कि करीब सवा करोड़ महिलाओं को लाडली बहना योजना के अंतर्गत 1200 करोड़ रुपए की धनराशि पिछले माह से बांटना शुरू कर भी दी है। इन महिलाओं को 1000 रुपए प्रतिमाह देने का सिलसिला शुरू हो गया है। यदि सरकार फिर से सत्ता में आती है तो यह राशि बढ़ाकर तीन हजार रुपए की गारंटी लाडले भाई शिवरान ने लाडली बहनों को दे दी है। इसके अलावा मुफ्त की अनेक योजनाओं की घोषणा मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान कर चुके हैं। बावजूद नरेंद्र मोदी ने शडहोल में कांग्रेस और आप की मुफ्त गारंटी योजनाओं को राज्य की अर्थव्यवस्था चौपट करने वाली बताया। उन्होंने कहा कि मुफ्त बिजली देने का मतलब है कि बिजली के दाम बढ़ाना। मुफ्त यातायात सुविधा देने का मतलब है कि सरकारी परिवहन व्यवस्था बर्बाद करना। पेंशन की गारंटी देने का अर्थ है, भविष्य में कर्मचारियों को समय पर वेतन का न मिलना। सस्ता पेट्रोल देने के मायने हैं, अतिरिक्त कर लगाकर उपभोक्ता की जेब से पैसा निकालना। रोजगार गारंटी का मतलब है उद्योग-धंधे चौपट कर देना। हकीकत में मुफ्त की घोषणाएं 'अंधेर नगरी, चौपट राजा, टके सेर भाजी, टके सेर खाजा ' कहावत को चरितार्थ करने वाली हैं।

**-प्रमोद भार्गव,लेखक /पत्रकार**

# संकष्टी चतुर्थी पर पंचक और भद्रा का साया परन्तु प्रीति योग का बन रहा विशेष योग

हर माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को संकष्टी चतुर्थी व्रत रखा जाता है. जो लोग यह व्रत रखकर गणेश जी की पूजा करते हैं, उनके कष्ट दूर होते हैं. जीवन में खुशहाली, सुख, समृद्धि आती है। काम में आने वाले संकट खत्म होते हैं। जीवन में शुभता बढ़ती है। सावन का पहला संकष्टी चतुर्थी व्रत या सावन का गजानन संकष्टी चतुर्थी व्रत श्रावण मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को रखा जाएगा। संकष्टी चतुर्थी पर पंचक और भद्रा का साया है। आइये ज्योतिष गुरू अतुल शास्त्री जानते है कि सावन की गजानन संकष्टी चतुर्थी कब है? गणेश पूजा का शुभ मुहूर्त और चंद्रोदय समय क्या है? सावन कृष्ण चतुर्थी तिथि 6 जुलाई गुरुवार को सुबह 06 बजकर 30 मिनट से शुरू हो रही है। गणेश पूजा का मुहूर्त सुबह 05 बजकर 26 मिनट से है। सावन माह का प्रारंभ 4 जुलाई मंगलवार को हो चुका है सावन का पहला संकष्टी चतुर्थी व्रत या सावन का गजानन संकष्टी चतुर्थी व्रत श्रावण मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को रखा जाएगा। इस साल सावन की संकष्टी चतुर्थी पर पंचक और भद्रा का साया है। इस व्रत में गणेश पूजन के बाद रात में चंद्रमा की पूजा करके अर्घ्य देते हैं, तभी यह व्रत पूर्ण होता है. कृष्ण पक्ष में चंद्रमा देर से उदित होता है, इसलिए चंद्रमा को अर्घ्य देने के लिए व्रती को अधिक इंतजार करना होगा ज्योतिषाचार्य अतुल शास्त्री कहते है कि 6 जुलाई को गजानन संकष्टी चतुर्थी के दिन गणेश पूजा का मुहूर्त सुबह 05 बजकर 26 मिनट से सुबह 10 बजकर 40 मिनट तक है. इसमें भी सुबह 07 बजकर 11 मिनट से सुबह 10 बजकर 40 मिनट तक का समय बहुत ही शुभ है. आप अपनी सुविधानुसार इन मुहूर्त में गजानन संकष्टी चतुर्थी की पूजा कर सकते हैं। प्रीति योग में गजानन संकष्टी चतुर्थी, लेकिन पंचक और भद्रा भी गजानन संकष्टी चतुर्थी पर सुबह से ही प्रीति योग बना है, लेकिन पंचक और भद्रा का भी साया है. इस दिन प्रीति योग सुबह से लेकर देर रात है. वहीं भद्रा का सुबह 05 बजकर 29 मिनट से सुबह 06 बजकर 30 मिनट तक है, हालांकि इसका वास पाताल लोक में है. चतुर्थी के दिन पंचक दोपहर 01 बजकर 38 मिनट से शुरू हो रहा है और यह अगले दिन सुबह 06 बजकर 29 मिनट तक है। गजानन संकष्टी चतुर्थी 2023, 6 जुलाई को चतुर्थी वाले दिन चंद्रोदय देर से होगा। उस रोज रात में 10 बजकर 12 मिनट पर चंद्रोदय होगा। उस समय आप चंद्रमा को अर्घ्य देकर व्रत का पारण कर सकते हैं।



**-पंडित अतुल शास्त्री,ज्योतिष गुरू**

# दूरस्थ क्षेत्र शामा में डीएम ने सुनी जनसमस्याएं

बागेश्वर(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी अनुराधा पाल की अध्यक्षता में जिले के दूरस्थ क्षेत्र उप तहसील शामा में मंगलवार को तहसील दिवस आयोजित हुआ। जनप्रतिनिधियों द्वारा पूर्ति विभाग, उद्यान विभाग व शिक्षा विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यो की सराहना की, जिस पर जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों से अच्छा कार्य करने की अपील करते हुए कहा कि जनता व जनप्रतिनिधियों द्वारा कार्यो की गयी सराहना ही हमारा पुरस्कार है। उन्होंने जन समस्याओं का त्वरित गति से निस्तारण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए, साथ ही जनप्रतिनधियों व जनता से कार्यो में सहयोग की अपील भी की। तहसील दिवस में 22 जन समस्यायें आई, जिसमें से 10 समस्याओं का जिलाधिकारी द्वारा मौके पर ही निस्तारण किया गया, शेष 12 शिकायतों का निस्तारण संबंधित अधिकारियों को त्वरित करने अथवा उच्च स्तर पर शासन स्तर से धनावंटन के लिए प्रेषित करने के निर्देश दिए। क्षेपं सदस्य भनार रवीन्द्र सिंह ने शामा के बीएसएनएल टॉवर 20 दिनों से खराब होने से भनार–माजखेत क्षेत्र में फोन नेटवर्क न होने की समस्या से अवगत कराया, जिस पर जिलाधिकारी ने एसडीओ बीएसएनएल को तुरंत निरीक्षण कर नेटवर्क सुचारू करने के निर्देश दिए। रवीन्द्र सिंह गत दिनों हुई वर्षा से भनार में मकान क्षतिग्रस्त होने के साथ ही भू–कटाव होने की शिकायत की, जिस पर जिलधिकारी ने उपजिलाधिकारी को तुरंत जांच सर्वे कर आपदा में प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। क्षेपंसदस्य प्रवीण सिंह कोरंगा ने बागेश्वर–कपकोट–तेजम मोटरमार्ग में वैपकॉस द्वारा सीरी मोटर मार्ग में किमी चार पर अभी तक पुल निर्माण नही किए जाने, सड़क की नालियां न बनाने, मोड कटिंग न करने, सडक निर्माण से ध्वस्त गौचर पुस्ते न बनायें जाने, डामरीकरण की गुणवत्ता खराब होने के साथ ही मानकों के अनुसार सडक कटिंग न होने की शिकायत की, जिस पर जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी, ईई लोनिवि की समिति गठित कर तुरंत जांच करने के निर्देश मौके पर दिए। साथ ही स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. गोपाल सिंह मार्तोलिया के घर के पास स्टील गार्डर पुल के दोनों ओर ध्वस्त सडक का निर्माण करने, सीरी में ट्रांसफार्मर लगाने, सीरी मोटर मार्ग में धस रही सडक पर सुरक्षा दीवार बनाने का अनुरोध किया, जिस पर जिलाधिकारी ने तुरंत ट्रांसफार्मर बदलने, ध्वस्त हुई सडक की सुरक्षा दीवार का प्रस्ताव शीघ्र प्रस्तुत करने के निर्देश ईई को दिए। शामा तहसील में अधिकारी व कर्मचारी आवास बनाने का अनुरोध किया, जिस पर जिलाधिकारी ने बताया कि प्रस्ताव शासन को पूर्व में ही भेजा गया है। बीडीसी सदस्य ने सीरी–हरसिंघाबगड मोटर मार्ग के किमी नौ पर सडक धसने से वीरेन्द्र सिंह, रवीन्द्र सिंह के आवासीय भवन को खतरा होने की बात कहते हुए सुरक्षा दीवार लगाने का अनुरोध किया, जिस पर जिलाधिकारी ने ईई पीएमजीएसवाई को तुरंत सर्वे कर आपदा मद में प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। बीडीसी सदस्य ने शामा–लीती में तैनात एएनएम के सेवानिवृत्त होने की बात करते हुए शामा व भनार में नियमित एएनएम की तैनाती का अनुरोध किया, जिस पर अपर मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि शीघ्र ही उन्हें 16 एएनएम मिल रही है, दोनों स्थानों पर एएनएम की तैनाती की जायेगी। बीडीसी सदस्य ने नैकाना के उपराली व सीरी के भैसोडी गधेरे में पुल की मांग रखी, जिस पर जिलाधिकारी ने ईई लोनिवि व ग्रामीण निर्माण विभाग को सर्वे कर प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।प्रधान भनार ने खडलेख–भनार मोटर मार्ग पर कॉजवे या पुलिया बनाने की मांग रखी, जिस पर ईई पीएमजीएसवाई ने बताया कि तृतीय चरण में रखा गया है, जिलाधिकारी ने जनता की समस्या को देखते हुए तात्कालिक तौर पर कॉजवे के स्थान पर खडंजा बनाने के निर्देश दिए। प्रधान भनार ने नैकाना में सडक निर्माण से स्लाइडिंग जोन बनने से अनु जाति के छः परिवारों के घरों में दरारे आने व खतरा बताते हुए समाधान की मांग की, जिस पर जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकरी व ईई लोनिवि, पीएमजीएसवाई को तुरंत जांच कर आंख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए, साथ ही परिवारों को विस्थापित करने की जरूरत है तो आंख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। प्रधान भनार व क्षेत्रवासियों ने क्षेत्र में मोबाइल नेटवर्क न होने की शिकायत की, जिस पर जिलाधिकारी ने बताया कि कपकोट क्षेत्र में बीएसएनएल के 29 टॉवर स्वीकृत हो गयें, जिन्हें भूमि प्रशासन द्वारा उपलब्ध करा दी गयी है, शीघ्र ही टॉवर निर्माण कार्य प्रारंभ हो रहा है। उन्होंने जनप्रतिनिधियों व जनता से टॉवर कार्य टीम को सहयोग करने की अपील की। बडीपन्याली के ग्रामीणों ने पीएमजीएसवाई द्वारा निर्माणाधीन सडक का कार्य रोकने तथा सडक पर मलवा व दीवारे न बनाने की शिकायत की, जिस पर एई ने बताया कि सडक का मरम्मत एवं डामरीकरण का प्रस्ताव भेजा गया है। जिलाधिकारी ने तुरंत सडक पर आये मलवे का हटाने के निर्देश दिए, इसी तरह बडीपन्याली के ग्रामीणों द्वारा बिना विद्युत मीटर के देखे विद्युत बिल अधिक आने की शिकायत की, जिस पर जिलाधिकारी ने एसडीओ विद्युत को तुरंत विद्युत बिल ठीक करने के साथ ही नियमित विद्युत मीटर चौकिंग कर ही बिल देने के निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने कहा वर्षाकाल में सभी अधिकारियों अलर्ट मोड पर रहें। साथ ही उन्होंने जनप्रतिनिधियों व जनता से भी आपदा की सूचनायें कंट्रोल रूम व संबंधित अधिकारियों को देने की अपील की। उन्होंने निर्देश दिए कि आपदा काल में अधिकारी अपने–अपने क्षेत्रों में भ्रमण कर आपदा में ध्वस्त परिसंपित्तायों का आकलन बनाकर तुंरत प्रस्तुत करें। तहसील दिवस में उपजिलाधिकारी मोनिका, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ हरीश पोखरिया, मुख्य कृषि अधिकारी गीतांजलि बंगारी, जिला उद्यान अधिकारी आरके सिंह, अधि.अभि. जल संस्थान सीएस देवडी, ग्रामीण निर्माण विभाग रमेश चन्द्रा, सिंचाई पीएस बिष्ट, लघु सिंचाई विमल सुंठा, पीएमजीएसवाई विजय कृष्ण, लीड बैंक अधिकारी एनआर जौहरी, जिला पूर्ति अधिकारी मनोज बर्मन, खेल अधिकारी सीएल वर्मा, प्रभारी सीवीओ डॉ कमल पंत, डीपीओ अनुलेखा बिष्ट, समाज कल्याण अधिकारी हेम तिवारी, युवा कल्याण अधिकारी अर्जुन सिंह रावत, खंड शिक्षा अधिकारी चक्षुपति अवस्थी सहित अनेक अधिकारी मौजूद थे।





## स्कूली बच्चों ने किया पौधारोपण

गरुड(उद संवाददाता)। पर्यावरण संरक्षण के लिए इको क्लब के नेतृत्व में पौधारोपण किया।विद्यालय के प्रधानाध्यापक दीप पाण्डेप ने बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के बारे में बताया, उन्होंने कहा कि हमें अपने सुरक्षित कल के लिए पर्यावरण को बचाना होगा, हम जितना अधिक वृक्षारोपण करेंगे हमारा पर्यावरण उतना ही अधिक साफ होगा, वृक्ष पर्यावरण में मौजूद विशाक्त गैसों को ग्रहण कर हमें



जीवनदायिनी ऑक्सीजन गैस उपलब्ध कराते है।पौधों की देखमाल करके उन्हें पुष्पित पल्लवित करने का संकल्प लें। इको क्लव प्रभारी दीप पाण्डेय नोडल शिक्षक मदनसिंह व देवेन्द्र मिश्रा व हेड गर्ल आरती जोशी के नेतृत्व में विद्यालय परिसर में 50 से अधिक बाँज, मणिपुरी बाज व अन्य चारादार पौधों का रोपण किया। शिक्षक किरमोलिया द्वारा स्वयं बॉज की पौध विद्यालय में तैयार की गई थी, जिन पौंधों को विद्यालय परिसर में पौध रोपण किया गया। हरेला पर्व, शहीद श्री देव सुमन जंयती तथा पूरे श्रावण मास में समय– समय में वृक्षारोपण किया जायेगा। पौधारोपण करने में विद्यालय के दौरान शिक्षिकाअंजलि जोशी, आदित्य नाथ, सौरम गिरि, अंजलि आर्या, दीशू बिष्ट आदि बच्चों ने सहयोग किया।

## सड़क के लिए ग्रामीणों ने जिला मुख्यालय पर किया प्रदर्शन

बागेश्वर(उद संवाददाता)।दस साल से लगातार द्यौरड़ा–रतौड़ा–कपिलेश्वर मोटर मार्ग की मांग करने पर भी सड़क नहीं बनने से क्षेत्र के लोगों में नाराजगी है। उन्होंने पूर्व में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के द्वारा सड़क बनाने के दावों को खोखला करार दिया।अब ग्रामीणों में सरकार और जिला प्रशासन के प्रति नाराजगी है।ग्रामीण सड़क निर्माण की मांग को लेकर जिला मुख्यालय पहुँचे।35 किमी दूर जिला मुख्यालय पहुंचकर सड़क के लिए प्रदर्शन किया। यहां हुई सभा में ग्रामीणों ने विभाग और जनप्रतिनिधियों पर उपेक्षा का आरोप लगाया। कहा कि ग्रामीण दस साल से सड़क की मांग कर रहे हैं,लेकिन अब तक लगातार ग्रामीणों की मांगों की अनदेखी की जा रही है। रतौड़ा ग्राम प्रधान हेमा पंत के नेतृत्व में क्षेत्र के लोग जिला मुख्यालय पहुंचे।उन्होंने अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। वक्तओं ने कहा कि क्षेत्र के लोग दस साल से सड़क बनाने की मांग कर रहे हैं, लेकिन अभी तक उनकी मांगों की अनसुनी की जा रही है। लोनिवि के ईई को कई बार इस संबंध में जानकारी दी गई है। उन्होंने बताया कि सड़क निर्माण में किसानों की जो भी नाप भूमि आ रही है उसमें ग्रामीणों को कोई आपत्ति नहीं है। इसके बाद भी विभाग हीलाहवाली कर रहा है। सड़क के अभाव में लोगों को मीलों पैदल चलना पड़ रहा है। गांव में बीमार लोगों को डोली से सड़क तक ले जाने में कड़ी मसक्कत करनी पड़ती है,जिस कारण गाँव से लगातार पलायन होने लगा है, वही नाराजगी जताते हुए जल्द गांव के लिए सड़क निर्माण नही होने पर आंदोलन की चेतावनी दी।उन्होंने जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर समस्या के समाधान की मांग की है। इस मौके पर जगदीश पंत, दामोदर पंत,जीवन चन्द्र गणेश दत्त लोहनी, खीमानंद जोशी, लीलाधर पांडे, जीवन चंद्र पंत व प्रयाग दत्त पंत आदि रहे।

## पेज एक का शेष...

**कार खाई में गिरने से......** आरम्भ किया। वाहन संख्या एचआर 26बी 6018 में 3 लोग सवार थे जिसमें 1 महिला व 2 पुरुष सवार थे, जोकि चिन्यालीसौड़ की तरफ से अपने गांव इंद्रा टिपरी जा रहे थे कि अचानक कार अनियंत्रित होने से गहरी खाई में दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। हादसे में 48 वर्षीय पवना देवी पत्नी रूकम सिंह और 22 वर्षीय विकास की मौके पर ही मौत हो गई। विकास आर्मी में तैनात थे। हादसे में दूसरा भाई 25 वर्षीय भूपेन्द्र गंभीर घायल हो गया, जिसका इलाज चल रहा है। भूपेंद्र भी आर्मी में तैनात है। बताया जाता है कि दोनों भाई मां का ईलाज कराकर वापस घर लौट रहे थे।

**संदिग्ध परिस्थितियों में........**प्रधान ने बताया कि इस मामले को लेकर मृतक सचिन बेहद सदमे में था। बताया जा रहा है कि जिस जगह इंदिरा आवास का आवंटन हुआ था उसी के समीप छप्पर में लगी बल्ली मे उसने फांसी लगा ली। आज सुबह बल्ली के सहारे लटकते शव को देखकर ग्रामीणों में सनसनी मच गई। पुलिस को मामले की भनक लगने पर उसने तत्काल मौके पर पहुंचकर मृतक के शव को फांसी से उतारा और कब्जे में लेकर उसे पंचनामा भरने के बाद अंत्य परीक्षण के लिए पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया जहां से पीएम के बाद शव परिजनों के हवाले कर दिया गया।बता दें मृतक की पत्नी ने भी एक माह पूर्व 25 मई को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। चार मासूम बच्चों के सिर से मां के बाद अब पिता का भी साया उठ चुका है। चारों बच्चे सदमे में हैं।

**बैंक प्रबंधक का पर्स लूटकर......**अस्पताल भर्ती कराया गया है। बताया गया है कि दरोगा के दोनों पैर में फैक्चर हुआ है। घटना की जानकारी मिलने पर एसएसपी समेत अन्य पुलिस अधिकारियों ने अस्तपाल पहुंचकर घायल दरोगा का हाल जाना। पुलिस फरार बदमाशों की तलाश में जुटी है। बदमाशों को पकड़ने के लिए सीसी टीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

**गौकशी मामले में .....** के नेतृत्व में गठित एसटीएफ टीम द्वारा 3 दिन तक चले ऑपरेशन के बाद थाना पुलभट्टा से फरार 25 हजार रुपये के ईनामी अपराधी युनुस पुत्र बुन्दन निवासी वार्ड 6 शेरगढ़ थाना शेरगढ़ जनपद बरेली को उसके घर से गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार ईनामी थाना पुलभट्टा से धारा 307 आईपीसी व गौकशी के मुकदमें में वाँछित चल रहा था। श्री पाण्डे ने बताया 13 अप्रैल 2023 को पुलभट्टा पुलिस द्वारा एक मुकदमा गौकशी अधिनियम के तहत पंजीकृत कराया गया था। जिसमें युनुस व उसके 3 साथियों के द्वारा 2 गाड़ियों से गौमांस की तस्करी की जा रही थी। जब पुलभट्टा पुलिस ने इन्हें शंकर फार्म कट के पास हाइवे में रोकने के प्रयास किया गया तो अभियुक्तों द्वारा पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नीयत से गाड़ी चढ़ाने का प्रयास किया गया लेकिन पुलिस पार्टी बाल–बाल बच गयी। पुलिस द्वारा घेराबन्दी कर दोनों गाड़ियों को रोक लिया था जिसमें अलीम मौके पर ही तंमचे के साथ पकड़ा गया था बाकी उसके तीन साथी मौके से भागने में कामयाब रहे थे। पकड़े गये दोनों वाहनों से कुल 5 कुन्तल गौमांस बरामद हुआ था। तभी से यूनुस फरार चल रहा था, जिस पर एसएसपी द्वारा 30 जून 2023 को 25 हजार रुपये का ईनाम घोषित किया था। एसटीएफ की इस कार्यवाही में उ0नि0 केजी मठपाल, मुख्य आरक्षी जगपाल सिंह व आरक्षी गुरवंत सिंह की विशेष भूमिका रही। गिरफ्तार करने वाली टीम में एसटीएफ कुमाऊं यूनिट के निरीक्षक एमपी सिंह, उनि केजी मठपाल, हेका जगपाल सिंह, संजय कुमार, सुरेंद्र कनवाल, का. गुरवंत सिंह, राजेन्द्र सिंह मेहरा, पुलभट्टा पुलिस टीम के उनि दरबान सिंह व का. ललित कुमार शामिल थे।

**गदरपुर में सभासदों ने घेरा .......**हुयी। जिस पर बुधवार को पालिकाध्यक्ष गुलाम गौस व अधिशासी अधिकारी जगदीश चंद्रा के खिलाफ सभासदों का गुस्सा फूट पड़ा। हैरानी की बात तो यह है कि बोर्ड बैठक की सूचना होने के बावजूद पालिकाध्यक्ष व अधिशासी अधिकारी अपने कार्यालय से नदारद मिले। जिससे सभासदों का पारा चढ़ गया और उन्होंने चेयरमैन कार्यालय के सामने दरी बिछाकर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। सभासदों का आरोप है कि बोर्ड बैठक बुलाए जाने की चेयरमैन गुलाम गोस तथा अधिशासी अधिकारी जगदीश चंद्रा को पहले ही सूचना दी जा चुकी थी इसके बावजूद चेयरमैन और ईओ ने जानबूझकर बैठक को नजरअंदाज कर पालिका बोर्ड का अपमान किया है। सभासदों ने एक सुर में चेयरमैन गुलाम गोस के खिलाफ जमकर भड़ास निकाली। उन्होंने चेयरमैन पर तानाशाही करने का भी आरोप लगाया। धरना देने वालों में सभासद अमरजीत सिंह, रोहित सुदामा, सतीश कुमार, जुनेद अंसारी, परमजीत सिंह, मनोज गुंबर, सभासद प्रतिनिधि बृजेश चौधरी, संजीव झाम, रवि श्रीवास्तव के अलावा नामित सभासद संदीप बत्रा मौजूद रहे। बोर्ड बैठक को लेकर जब ई ओ बातचीत करने का प्रयास किया तो पता चला कि वह किसी कार्य से देहरादून गए हुए हैं।

**आपातकालीन बैठक का .....** सभी कदम उठा लिये गये है और वर्तमान में शत प्रतिशत उसपर कार्य चल रहा है। इसलिये आपातकालीन बैठक बुलाने का कोई औचित्य या विषय नही बचता। बावजूद इसके वह बोर्ड की बैठक बुलाने को तैयार है लेकिन अधिशासी अधिकारी के किसी कार्यवश देहरादून जाने के चलते वह बैठक नही बुला पाये। श्री गौस ने कहा कि पिछले कुछ समय से सभासदों द्वारा वित्तीय अनियमित्ता के आरोप लगाये जा रहे है लेकिन आज तक उनपर कोई भी आरोप सिद्ध नही हो पाया, कुछ सभासद सस्ती लोकप्रियता हासिल करने के लिये उनको बदनाम करना चाहते है। जिसमें वह कामयाब नही हो पा रहे है। आम जनता उनके साथ है।

**रिसोर्ट में पर्यटक की..........** का एक ग्रुप ठहरा हुआ था। उन्होंने बताया कि मंगलवार की रात ग्रुप में शामिल कुछ पर्यटक रिजॉर्ट में ही डीजे पर डांस कर रहे थे। इसी बीच अचानक अंबिका विहार दिल्ली निवासी 22 वर्षीय राजू बेहोश होकर गिर गया । उसे उपचार के लिए रामनगर के सरकारी अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि इस मामले में मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा। घटना के संबंध में जहां एक और पुलिस मामले की जांच कर रही है तो वही मृतक के परिजनों को भी सूचना दे दी गई है।

**पुलिस चौकी के बगल युवा......** से प्रथम दृष्टया प्रतीत होता है कि उसकी फांसी लगाने से मृत्यु हुई हो सकती है। मृतक अविवाहित था। वह तीन भाइयों में बीच का है। परिजनों ने मृतक की हत्या की आशंका जताई है। फिलहाल पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया। अकस्मात घटी घटना को लेकर मृतक परिवार में कोहराम मचा है। मृतक प्रदीप की मौत फिलहाल अभी सवालों के घेरे में है लेकिन शक की सुई अमरजीत नामक व्यक्ति के इर्द–गिर्द लगातार घूम रही है। मृतक परिजनों का कहना है कि घटना वाले दिन प्रदीप जब घर से निकला उसकी जेब में 30 हजार रुपए थे। परिजनों ने यह भी बताया कि अमरजीत की तरफ प्रदीप के 80 हजार रुपए निकल रहे थे। इसी लेनदेन को लेकर दोनों के बीच कुछ दिन से तनातनी बनी हुई थी।

**सरकार को चूना लगाकर....** पर क्रेता ने स्टाम्प ड्यूटी बचाने व इनकम टैक्स से बचने के लिए तहसील कर्मियों से मिलीभगत कर इस भूमि को कृषि भूमि में परिवर्तित करवाकर मात्र 45 दिनों के अंदर भूमि का रजिस्ट्री बेनामा अपने हक में बहुत ही कम मूल्य में दिखाते हुए लगभग 50 लाख की स्टाम्प चोरी की। आलोक का कहना है कि मामले की उच्च अधिकारी से जांच करवाकर भूमि क्रेता के विरूद्ध कानूनी कार्रवाई की जाये।

**विद्युत कटौती के खिलाफ....**देव, शिव दत्त जोशी, संजय मेहता, रामकुमार, हर्षित अरोरा, गुरविंदर सिंह, सुनील शर्मा, जितेन्द्र चौधरी, गुरमीत सिंह, संजीव साहनी, प्रदीप अरोरा, जगमोहन मलिक, गुलशन जुनेजा, सैमी धारीवाल, जीतू गुलाटी, प्रवीण ग्रोवर, योगेश शर्मा आदि मौजूद थे।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)


Live Healthy... Live Nature...
Live in Kashi Garden
CONSTRUCTING HAPPINESS
RERA APPROVED PROJECT
UKREP05230000497
काशी गार्डन
आवासीय प्लॉट एवं विला
रेरा एप्रूव्ड कॉलोनी
40 एवं 30 फीट की सड़कें
4 पार्क
गेट बंद कॉलोनी
सीवरेज व्यवस्था
ए-क्लास इन्फ्रास्ट्रक्चर
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा
साईट ऑफिस - शिमला पिस्तौर, डीपीएस स्कूल के पास, रुद्रपुर
86504-18000